तापमान

अधिकतम 32.3 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



बुधवार की देर रात तिफरा फ्लाईओवर पर अंडे से भरी गाड़ी पलट गई। जिससे पुल पर अंडे बिखर गए।

## खबर संक्षेप

### मित्र मंडल का महिला दिवस व होली मिलन

**बिलासपुर।** मित्र मंडल नेहरू नगर महिला विंग द्वारा महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन होटल ग्रैंड अम्बा में 6 मार्च को किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजिका प्रीति शुभांगी गुप्ता ने बताया कि इसमें मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि डा.राजेश्वरी उद्देश्य, मुन्नी कृष्णमूर्ति बांधी व रेणुका पिंगले रहेंगी। इसकी अध्यक्षता बसंती वर्मा करेगी। कार्यक्रम की संयोजिका प्रीति ने बताया कि यह समारोह दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक है। आयोजन को लेकर मंडल के सदस्यों में तैयारी पूरी कर ली है। महिला दिवस व होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

# स्व-रोजगार देने शुरू की गईं 28 में से 26 योजनाएं बंद, विभागों में फंड ही नहीं

- एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के बेरोजगारों के लिए थी योजनाएं
- इन योजनाओं का लाभ पाने बेरोजगार विभागीय कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं

### केंद्र को भेजे गए प्रस्ताव को भी मंजूरी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के बेरोजगारों को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने अंत्यावसायी विभाग में 28 योजनाएं शुरू की गई थी। हाल यह है कि वर्तमान में इनमें से सिर्फ 2 ही योजनाएं चल रही हैं। बाकी की 26 योजनाएं बंद हो चुकी हैं क्योंकि योजनाओं को संचालित करने के लिए विभाग के पास फंड ही नहीं है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन योजनाओं के तहत 20 हजार रुपए से लेकर 30 लाख रुपए तक कम ब्याज दर पर ऋण आसान किस्तों में उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा कुछ योजनाओं में अनुदान राशि का प्रावधान भी है। इन योजनाओं के तहत पूर्व में प्रदेशभर में लाखों लोग लाभान्वित भी हो चुके हैं, लेकिन कोरोना काल से इनमें से अधिक योजनाएं बंद पड़ी है। इसके कारण इन योजनाओं का लाभ पाने बेरोजगार लोग विभागीय कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं।

अलग खबर

ज्ञात हो कि प्रदेश में बेरोजगारी दर कम करने के साथ स्वयं का व्यवसाय उपलब्ध कराने तथा आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए उद्देश्य से अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाएं सालों पहले शुरू की गई थी। इसमें राष्ट्रीय निगम योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, सफाई कामगार वर्ग के अलावा बैंक प्रवर्तित योजनाओं में अंत्योदय स्वरोजगार योजना, आदिवासी स्वरोजगार योजना तथा मिनीमाता स्वावलंबन योजना भी संचालित की जा रही थी। राष्ट्रीय निगम योजना के अनुसूचित जाति वर्ग अंतर्गत भी कई योजनाएं संचालित हैं। इनमें पैसेंजर ट्रांसपोर्ट व्हीकल, गुड्स कैरियर, ट्रेक्टर ट्रॉली योजना, स्मॉल बिजनेस योजना- 1, लघु व्यवसाय योजना-2, शिक्षा ऋण योजना आदि शामिल है।

### इन योजनाओं का अब नहीं मिल रहा लाभ

अनुसूचित जनजाति वर्ग के अंतर्गत आदिवासी महिला सशक्तीकरण, पैसेंजर ट्रांसपोर्ट व्हीकल, ट्रेक्टरट्रॉली, डीजल-ऑटो रिक्शा, स्मॉल बिजनेस 1 व 2 शिक्षा ऋण। पिछड़ा वर्ग अंतर्गत टर्म लोन, व्यक्ति मूलक-टर्म लोन, न्यू स्वर्णिमा, शिक्षा ऋण। अल्पसंख्यक वर्ग के लिए टर्म लोन एवं शिक्षा ऋण। सफाई कामगार वर्ग के लिए माइक्रो क्रेडिट, महिला समृद्धि, महिला अधिकारिता, मालवाहक ऑटो रिक्शा योजना शामिल है। इसके साथ ही मिनीमाता स्वावलंबन योजना 5 साल से बंद है। इस योजना के तहत 3 वर्ष तक नियमित किस्त जमा करने पर 75 प्रतिशत प्रोत्साहन लाभ देने का प्रावधान है। इस योजना के तहत भी प्रदेशभर में हजारों की संख्या में लोग लाभावित हुए है, लेकिन पूर्व कांग्रेस शासन काल से यह योजना भी बंद पड़ी है।



### भेजा गया प्रस्ताव

योजनाओं को पुनः शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। फंड जारी नहीं होने के कारण योजनाएं बंद हैं। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद योजनाएं दोबारा शुरू हो जाएंगी।

- **लक्ष्मी कश्यप,** कार्यक्रम अधिकारी, अंत्यावसायी विभाग निगम

### सिर्फ दो योजनाओं के लिए आवेदन

वर्तमान में विभाग की बैंक प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत संचालित अंत्योदय स्वरोजगार व आदिवासी स्वरोजगार योजना ही चल रही है। सूत्रों की मानें तो इन योजनाओं में भी टारगेट से ज्यादा आवेदन आ रहे हैं। ऐसे में लोगों को योजना का लाभ देने में कई तरह की दिक्कतें आ रही है। वर्तमान में विभाग की बैंक प्रवर्तित योजना अंतर्गत संचालित अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना ही चल रही है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेरोजगारों को ऋण उपलब्ध कराने का टारगेट भी रखा गया है। जिले में अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत 1095 लोगों को ऋण का टारगेट रखा गया है। इसकी तुलना में 735 के ऋण स्वीकृत भी हो चुके हैं। इसी प्रकार आदिवासी स्वरोजगार के तहत टारगेट 24 है, लेकिन विभाग ने टारगेट से ज्यादा 39 आवेदन आए है, जिनमें से 19 को स्वीकृति मिल चुकी है। इन दोनों योजना में 10 हजार रुपए का अनुदान राशि का प्रावधान है।

### कार्यालयों में धूल खा रहे हजारों आवेदन

जिला कार्यालय की ही बात करें तो हजारों आवेदन लंबित हैं लेकिन बंद पड़ी योजनाओं के तहत ऋण लेने लोगों ने आवेदन किए हैं। फंड जारी नहीं होने के कारण लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूरे मामले में अधिकारियों का एक ही तर्क है कि योजनाओं को पुनः शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। फंड जारी नहीं होने के कारण योजनाएं बंद हैं। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद योजनाएं दोबारा शुरू हो जाएंगी।





## चकरभाठा थाना परिसर में शराब की बोतलों पर चला बुलडोजर

# नष्ट की गई 17 थानों के 639 प्रकरणों में जब्त 9 हजार लीटर अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले 17 थानों के 639 प्रकरणों में जब्त 8 हजार 443 लीटर शराब की बोतलों पर बुधवार को चकरभाठा थाना परिसर में बुलडोजर चलाकर शराब का नष्टीकरण किया गया है। इस दौरान पुलिस, आबकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

वर्ष 2024 में एसपी रजनेश सिंह ने जिले का चार्ज लेने के बाद नशे के विरूद्ध आपरेशन प्रहार अभियान की शुरूआत की गई। राजपत्रित अधिकारियों व थानेदारों के साथ साल भर अपने अपने क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों की धरपकड़ कर कोचियों को पकड़कर जेल भेज गया है। ज्ञात हो कि साल भर में जिले के 17 थानों में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ 639 प्रकरण दर्ज कर 8 हजार 443 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया था। एसपी श्री सिंह ने राजपत्रित अधिकारियों को नियमानुसार थानों में जब्त शराब का नष्टीकरण कराने का आदेश दिया गया। पुलिस विभाग की पहल पर कलेक्टर अवनीश शरण के द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एएसपी राजेन्द्र जायसवाल, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी शिव बनर्जी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी छबिलाल पटेल सहित थाना प्रभारी व आबकारी वृत्तों के प्रभारी निरीक्षकों को शामिल किया गया था। समिति के द्वारा जब्त शराब के निबटान के लिए चकरभाठा थाना परिसर का चयन किया गया। 5 मार्च को समिति के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार 17 थानों में जब्त कर 8443 लीटर शराब पर बुलडोजर चलाकर नष्टीकरण किया गया है।



चकरभाठा थाना परिसर में खोदे गए गड्ढे में शराब नष्ट करते पुलिसकर्मी।

**नष्ट शराब का विवरण**

| | |
|---|---|
| अंग्रेजी शराब | 123.95 लीटर |
| देशी शराब | 1640.38 लीटर |
| महुआ शराब | 6678.95 लीटर |

# एटीआर के छपरवा में हाथी ने किया चौकीदार पर हमला

**बिलासपुर।** बुधवार की रात अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल एरिया छपरवा एवं सिंहावल सागर के पास एक हाथी ने अपने ही चौकीदार पर हमला करते हुए पटक दिया। सूचना मिलते ही चौकीदार को प्राथमिक उपचार के लिए कोटा ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने के बाद उसे सिम्स में उपचार के लिए रिफर कर दिया गया।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों की मौत और दूसरी घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। कुछ दिन पहले एटीआर में आपसी भिडंत में एक शेरनी की मौत हो गई थी। वहीं बुधवार की रात अधिकारियों को दिल दहालने वाली घटना की जानकारी मिली। सिंहावल सागर और छपरवा के पास हाथियों की देखरेख करने वाले पंचराम बैगा को एक हाथी ने उटाकर पटकने के बाद दांत से हमला कर दिया, जिससे चौकीदार पंचराम बैगा को काफी गंभीर चोट पहुंची। जानकारी के अनुसार पंचराम बैगा और उसकी पत्नी दोनों सिंहावल सागर में थे, जहां शाम को पंचराम ने हाथी को भोजन कराया। भोजन कराने के बाद पंचराम बैगा जैसे ही पटला, हाथी ने पंचराम ने अपनी सूंड में लपेट कर पटकने के बाद दांत से हमला कर दिया। हाथी के हमले से पंचराम घायल हो गया। पंचराम की पत्नी ने इस घटना की जानकारी वहां के डिप्टी रेंजर व अन्य स्टाफ को दी। इसके बाद रात साढ़े 9 बजे एम्बुलेंस बुलाकर पंचराम बैगा को कोटा के सामुदायिक हास्पिटल में ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने सिम्स में रिफर कर दिया। इस संबंध में अचानकमार टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश ने बताया कि छपरवा में हाथी के हमले से चौकीदार को चोट पहुंची है। उसका इलाज पहले कोटा में शुरु करने के उपरांत सिम्स में रिफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार चौकीदार को ज्यादा चोट नहीं पहुंची है, फिलहाल उपचार और डॉक्टर की रिपोर्ट के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।





### कोटवार संघ की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के सभी तहसीलों के कोटवारों की बैठक 6 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोन्हेर गार्डन मेन पोस्ट आफिस के पास होगी। कोटवार संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में कोटवारों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा।

### आरोग्य कलश का निःशुल्क जांच शिविर

**बिलासपुर।** आरोग्य कलश लाईलाज बीमारियों का समाधान द्वारा 8 व 9 मार्च को होटल सेंट्रल पाइंट पुराना बस स्टैंड में निःशुल्क जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके आयोजक ने बताया कि यह दो दिवसीय शिविर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। इसमें अत्याधुनिक तकनीक एमएचआरएस बिना दवा रोग मुक्त इलाज किया जाएगा।

### शांति समिति की बैठक 7 को

**बिलासपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को होली पर्व एवं 31 मार्च को ईद-उल-फितर पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने व शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में 7 मार्च को मंथन सभा कक्ष में शाम 4.30 बजे से बैठक प्रारंभ होगी।

# घर के सामने खड़ी कारों के नीचे ईंट का जैक लगाकर चोरों ने पार कर दिए चक्के

**बिलासपुर।** घरों के बाहर खड़े वाहनों की बैटरी चोरी की घटनाएं तो हो ही रही हैं, अब चोर गाड़ियों के चक्के भी पार करने लगे हैं। बीती रात तेलीपारा क्षेत्र में चोरों ने कारों के नीचे ईंट का जैक लगाया और चक्के ले उड़े। कार से चक्के चोरी होने से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कश्यप कालोनी निवासी मनीष कुमार कश्यप पिता स्व. रामगोपाल कश्यप 4 मार्च की शाम 6 बजे अपनी स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 4531 घर के पास रोड पर खड़े कर घर जाकर खाना खाकर सो गए। देर रात चोरों ने उनकी कार के नीचे ईंट लगाकर चारों चक्के निकाल लिए और भाग गए। 5 मार्च की सुबह 6 बजे वे खेत जाने के लिए निकले तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होने कालोनी में पतासाजी की तो पता चला कि जितेन्द्र गुप्ता के स्विफ्ट क्रमांक सीजी 16 सीक्यू, 5628 के सामने ड्राइवर साइड के एक चक्के की भी उसी तर्ज पर ईंट लगाकर चोरी कर ली गई है। चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया। पुलिस ने श्री कश्यप की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों कश्यप कालोनी में घरों के सामने खड़े कार, एक्टिवा, ठेला में आग लगाकर एक आटो में जमकर तोड़फोड़ किया गया था। इसी तरह दो दिन पहले सिरगिट्टी क्षेत्र में एक मकान के सामने खड़ी स्विफ्ट कार में आग लगा दी गई थी। लगातार चोर व असामाजिक तत्व आतंक मचा रहे हैं।






तेलीपारा क्षेत्र में खड़ी बिना चक्के की कारें, कारों के नीचे लगाया गया ईंटों का जैक।

### वेगनआर कार से आए थे चोर

कालोनी के लोगों ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो वेगनआर में दो युवक आते व गाड़ी के पास कार को रोककर चक्का खोलते नजर आ रहे हैं, किन्तु युवकों को चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। लोगों ने फुटेज पुलिस को सौंप दिया है। उसके आधार पर पुलिस चोरों की पतासाजी में लगी हुई है।



5 MARCH- BSP-PG-2_Layout 1 3/5/2025 11:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### चेंबर चुनाव : जय व्यापार पैनल का चुनावी कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** चेम्बर चुनाव के तहत 6 मार्च को बिलासपुर में जय व्यापार पैनल का चुनावी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव एवं परमानन्द जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल पूरी जागरूकता के साथ पूरे प्रदेश में सम्पर्क यात्रा कर रहा है। जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमर पारवानी, अजय भसीन व उत्तम गोलछा अपनी टीम के साथ 6 मार्च को बिलासपुर के व्यापारियों से मुलाकात करेगें। जिसमें उनके साथ संभाग प्रभारी राजेन्द्र जग्गी एवं बिलासपुर जिला प्रभारी राकेश ओचवानी सहित पैनल से नवदीप सिंह अरोरा, अनिल एल वाधवानी, संजय मित्तल, अभिषेक विधानी, नवदीप छाबड़ा, राहुल सोंथालिया, अरविंद सिंह टुटेजा, अमित अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, अविनाश आहूजा, महीतोष सराफ, हर्षदीप सिंह, सचिन सुलतानिया, विनोद मेघनी, मनोज उभरानी, शिशिर सोनछात्रा, शब्बीर बुखारी, साजिद वनक, अनुपम अरोरा, मयंक मल्होत्रा, विजय वर्मा, किशोर पंजवानी आदि साथी भी शामिल रहेगें।

### नन्हें रोज़ेदार आतिफ और शजर ने रखा पहला रोज़ा, अमन-चैन की मांगी दुआ



**बिलासपुर।** रमज़ान माह की पवित्रता और इबादत के जज़्बे से सराबोर भारतीय नगर के आतिफ और शजर ने इस साल अपना पहला रोज़ा रखा। दोनों बच्चे शरू असलम के पुत्र हैं। बड़ों को देखकर उन्होंने भी रोज़ा रखने का संकल्प लिया। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि माह-ए-रमज़ान में परिवार के अन्य सदस्यों को रोज़ा रखते देख दोनों बच्चों ने भी इस इबादत में शामिल होने की इच्छा जताई। उन्होंने भोर में सहरी की और नमाज अदा की। दिनभर भूख-प्यास की परीक्षा को सब्र के साथ सहते हुए उन्होंने इबादत की और शाम की अज़ान के बाद अपने परिवार के साथ मिलकर रोज़ा खोला। रोज़ा इफ्तार के दौरान दोनों मासूम रोज़ेदारों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और प्रेमभाव की दुआ मांगी। उनका यह जज़्बा देखकर परिवार सहित मोहल्ले के लोग भी भावविभोर हो उठे। रमज़ान का यह पाक महीना संयम, इबादत और रहमतों से भरा होता है, जिसमें हर रोज़ेदार अल्लाह से अपने गुनाहों की माफ़ी मांगता और नेक रास्ते पर चलने का संकल्प लेता है।

### पूर्व मंत्री स्व. बी आर यादव की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ ग्रामीण ) द्वारा 5 मार्च को कांग्रेस भवन में एवं बृहस्पति बाजार में पूर्व मंत्री स्व. बी आर यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि स्व. बी आर यादव सहज,सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने बिलासपुर के विकास की नीव रखी। शहर को कस्बाई संस्कृति से महानगर संस्कृति की ओर ले गए। उन्होंने अरपा नदी में शनिचरी पूल,सरकंडा में इंदिरा सेतु बना कर शहर को विस्तार दिए। उच्च शिक्षा के लिए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की स्थापना की। बीडीए की स्थापना से शहर में विस्तार हुआ। व्यापार के लिए व्यापार विहार का निर्माण। आज शहर का जो स्वरुप दिख रहा है उसने बी आर यादव जी का बड़ा योगदान है,संयोजक ज़फ़र अली ने कहा बी आर यादव की प्रारंभिक जीवन संघर्ष पूर्ण रहा, एक पत्रकार और एक शिक्षक के रूप में जीवन यात्रा शुरू किए , राजनीतिक जीवन पार्षद से शुरू हुआ,फिर 1977 में जब कांग्रेस लोकसभा हार गई थी। ऐसे विषम परिस्थिति में वे विधायक निर्वाचित हुए। लगातार मंत्री बने, मध्यप्रदेश के कद्दावर नेताओ में उनका नाम शुमार होता था। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली,माधव ओत्तालवार, त्रिभुवन कश्यप, विनोद शर्मा, राकेश शर्मा, शिवा मिश्रा, विनोद साहू, सीमा घृतेश, स्वर्णा शुक्ला, प्रियंका यादव, राजेश शर्मा, वीरेंद्र सारथी, सुभाष ठाकुर, मनोज शर्मा, घनश्याम कश्यप, गौरव एरी, राजीव साहू,विकास तिवारी,आदित्य यादव आदि उपस्थित थे।

### बोदरी में तोड़फोड़ कांड के विरोध में आप ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** बोदरी में तोड़फोड़ कांड के विरोध में आप ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापनफोटो है वसी बिलासपुर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के नेतृत्व में बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक पर एकत्रित होकर बीते दिनों बिना किसी नोटिस के बोदरी में सिंधी समाज को आवंटित भूमि की बाउंड्री वॉल को बुलडोजर चलाकर तोड़ने के विरोध में रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बोदरी सी एम ओ भारती साहू के विरोध में जमकर नारेबाजी की। उसके पश्चात पैदल मार्च करते हुए रैली कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। किंतु कलेक्टर की अनुपस्थिति में गोपाल साहू ने इस मामले में अपनी शिकायत दर्ज कराई। उन्हें दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। पश्चात प्रेस क्लब में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश संगठन महामंत्री सरदार जसबीर सिंह, प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ,प्रदेश संगठन मंत्री बिलासपुर संभाग अभिषेक मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग मिथिलेश बघेल, लोकसभा सचिव राकेश लूनिया, बोदरी नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा ने पत्रकार को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट के सामने जमकर नारेबाजी की और कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद नारेबाजी समाप्त की।

**मुख्य वार्षिक परीक्षा 15 मई तक चलेगी** प्रथम सेमेस्टर एग्जाम के बाद से शुरू नहीं हो पाई क्लास, 20 जनवरी से शुरू हुई थी प्रथम समेस्टर की परीक्षा

# कालेजों में वार्षिक परीक्षा के दौरान एनईपी वाले स्टूडेंट्स की लगेगी क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में इन दिनों सेकंड ईयर व फाइनल ईयर की मुख्य वार्षिक परीक्षा चल रही है। यह परीक्षा 15 मई तक चलेगी तब तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी तहत प्रथम सेमेस्टर वालों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसे ध्यान में रखकर परीक्षा के दौरान ही क्लास लगाने का निर्णय लिया गया है।

अटल यूनिवर्सिटी एवं संबद्ध कालेजों में इस सत्र से फर्स्ट ईयर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी लागू हुई है, इसलिए फर्स्ट ईयर की परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर प्रणाली से अलग से आयोजित की गई थी। फर्स्ट ईयर वालों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 20 जनवरी से शुरू हुई थी जो पिछले माह ही समाप्त हुई है। सेमेस्टर परीक्षा के बाद से एनईपी वाले छात्रों की क्लासेस फिर से चालू नहीं हो पाई है। इधर सेकंड ईयर और



फाइनल ईयर वाले छात्रों की मुख्य वार्षिक परीक्षा एक मार्च से चालू हो गई है। यह परीक्षा 15 मई तक लंबी चलेगी, जिससे एनईपी फर्स्ट ईयर वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती। इसे ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने यूनिवर्सिटी को वार्षिक परीक्षा के बीच में ही एनईपी वालों की क्लास लगाने के निर्देश दिए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार ही अटल यूनिवर्सिटी इस बार सेकंड, फाइनल ईयर की परीक्षा तीन पालियों के बजाए दो पालियों में आयोजित कर रही है। पहला पाली की परीक्षा सुबह 7 से 10 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक चलेगी। बीच में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक का समय खाली रहेगा, जिसमें एनईपी वालों की क्लासेस लगाई जाएगी। क्योंकि क्लासेस नहीं लगेगी तो उनका कोर्स पूरा नहीं हो पाएगा और समय पर उनका दूसरा सेमेस्टर एग्जाम भी नहीं हो पाएगा।

#### चालू कराई जाएगी क्लास

एनईपी तहत फर्स्ट ईयर वाले जो छात्र-छात्राएं हैं, उनका पहला सेमेस्टर एग्जाम पिछले माह संपन्न हो चुका है और अभी सेकंड व फाइनल ईयर वालों की वार्षिक पद्धति पर परीक्षा चल रही है। एनईपी वालों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसलिए दो शिफ्ट में परीक्षा आयोजित की जा रही है और जल्द ही एनईपी फर्स्ट ईयर वालों की क्लासेस चालू कराई जाएगी।

-डॉ. तरूणधर दीवान
परीक्षा नियंत्रक, एयू

बिना बारिश पानी भरने से हर रोज हजारों लोग होते हैं परेशान

# करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए लोखंडी और चुचुहियापारा ब्रिज में भर जाता है पानी



चुचुहियापारा अंडरब्रिज में पानी भरने से पसरी गंदगी।



लोखंडी अंडरब्रिज में पानी भरने से लोगों का आना जाना हुआ कम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश के बाद अब ठंड के मौसम की भी विदाई हो गई है और गर्मी दस्तक देने लगी है, परन्तु बिलासपुर डिवीजन के दो मुख्य अंडर ब्रिज लोखंडी और चुचुहियापारा में अभी भी पानी भर रहा है। इसके कारण प्रतिदिन लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

तारबाहर और चुचुहियापारा के बीच बनी रेल क्रासिंग हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन और लोखंडी पर बनाया गया अंडरब्रिज बिलासपुर-कटनी मेन लाइन पर है। यहां से प्रतिदिन 300 से अधिक मालगाड़ियों के अलावा 100 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, राजधानी, दूरंतो और पैसेंजर, लोकल मेमू ट्रेनों की आवाजाही होती है। तारबाहर रेल क्रासिंग पर बने यार्ड से बिलासपुर आने वाली गाड़ियों को मेंटनेंस व सफाई के लिए कोचिंग डिपो की ओर रवाना किया जाता है। इसकी वजह से रेल क्रासिंग पर पूर्व में ट्रेनों के कारण बेरियर घंटों बंद रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2014-15 में तारबाहर रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज बनाने के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी। इस राशि का आबंटन होने के बाद तारबाहर पर अंडरब्रिज बनाया गया, लेकिन यह अंडरब्रिज सिरगिट्टी बाइपास रेल लाइन के पहले यानि शिव मंदिर तक ही बन सका। इसकी वजह से सिरगिट्टी की ओर से तारबाहर आने-जाने वाले लोगों को बाइपास पर बंद बेरियर के कारण परेशानी उठानी पड़ी।

#### 9 माह पहले बना बाईपास पर अंडरब्रिज

चुचुहियापारा में अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोगों को आने-जाने की सुविधा मिल रही थी, लेकिन तारबाहर रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का अधूरा निर्माण कार्य करने के कारण लोगों को बाइपास लाइन पर घंटो बेरियर बंद होने के कारण परेशान होना पड़ रहा था। रेलवे बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद 6 माह पहले बिलासपुर रेल मंडल ने 8 करोड़ रुपए की लागत से बाइपास पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य करते हुए पुराने अंडरब्रिज से जोड़ दिया है।

#### काम चलाऊ बनाए गए ब्रिज

बिलासपुर और रायपुर डिवीजन में बनाए गए अंडरब्रिज और ओवरब्रिज की तुलना किया जाए, तो रायपुर डिवीजन में बनाए गए रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज की लंबाई और चौड़ाई इतनी अधिक है कि दो पहिया, चार पहिया के साथ हैवी गाड़ियां भी उसमें से पार हो जाती है। सड़क पर गड्ढे और धूल तक दिखाई नहीं देते हैं। वहीं बिलासपुर डिवीजन और स्टेशन के आसपास बनाए गए चुचुहियापारा, तारबाहर, उसलापुर, लोखंडी के रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज का हाल ऐसा है कि काम चलाऊ काम किया गया है। इन ब्रिज को बनाने के कुछ दिन तक तो लोगों को राहत मिली, लेकिन अंडरब्रिज में कीचड़ और ओवरब्रिज में गड्ढे से लोग परेशान होने लगे।

#### किया जाएगा सुधार कार्य

अंडरब्रिज और ओवरब्रिज की हालत खराब हो गए हैं तो इसकी जानकारी संबंधित विभाग से ली जाएगी। विभाग से जानकारी लेने के उपरांत ब्रिज के मेंटनेंस और उसमें सुधार कार्य किया जाएगा।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

#### जगह-जगह गड्ढे और कीचड़

40 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से लोखंडी, चुचहियापारा और तारबाहर रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य कर दिया गया है। तीनों अंडरब्रिज को बनाने के बाद रेल प्रशासन इसके मेंटनेंस की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। चुचुहियापारा के अंडरब्रिज पर गड्ढों के साथ नाली का पानी और कीचड़ की समस्या है, तो तारबाहर रेल क्रासिंग पर बने अंडरब्रिज में कदम-कदम पर गड्ढे और धूल की वजह से लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। इसी तरह का हाल लोखंडी रेल क्रासिंग पर बनाए गए अंडरब्रिज में गड्ढे. के साथ पानी भरने की समस्या से लोग परेशान हो गए हैं। तीनों अंडरब्रिज की चौड़ाई इतनी कम है कि दो गाड़ियां भी निकल पाना मुश्किल हो जाता है। इसमें सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चे होते हैं।

रेल प्रशासन का दावा

# 50 फीसदी यात्री ले रहे मोबाइल एप से टिकिट



केश काउंटर पर टिकट लेने के लिए लगी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने दावा किया है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में डिजिटल टिकिटिंग को जबरदस्त बढ़ावा मिल रहा है। अब 50 फीसदी से अधिक अनारक्षित टिकिट यूटीएस ऑन मोबाइल एप और एटीवीएम आटोमेटिक वेंडिंग मशीन के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों को लंबी कतार से छुटकारा मिल रहा है। रेल प्रशासन के दावा करने के बाद भी काउंटर पर यात्रियों की कतार कम नहीं हो रही है।

- मोबाइल एप के बाद भी काउंटर पर लग रही है यात्रियों की कतार

रेलवे के अनुसार आर वालेट से डिजिटल भुगतान करने पर यात्रियों को 3 फीसदी बोनस का भी लाभ मिलने के साथ ही यात्रियों को लाइन में लगने की समस्या से छुटकारा मिल रहा है। बुधवार की दोपहर जोन मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान रेल अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का स्थान पूरे रेलवे में अव्वल स्थान पर रहा है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के दौरान रेलवे ने 21-22 फीसदी यात्रियों को मोबाइल एप के जरिए टिकिट प्रदान किया, जिससे यह अन्य रेलवे के मुकाबले प्रथम स्थान बरकरार रखा है। एटीवीएम से टिकिटिंग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने जबरदस्त बढ़त दर्ज की है। वर्तमान में 46 स्टेशनों पर 87 एटीवीएम यानि आटोमेटिक टिकिट वेंडिंग मशीन के जरिए यात्रियों को टिकिट की सुविधा मिल रहा है। यूपीआई क्यूआर के माध्यम से भुगतान कर स्वयं यात्री टिकिट बुक कर रहे हैं, जिससे डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा मिल रहा है। यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए मोबाइल टिकटिंग ऐप में नए फीचर्स जोड़े जा रहे हैं।

मोबाइल टिकटिंग एप को लगातार नई सुविधाओं और बेहतर यूजर इंटरफेस के साथ अपडेट किया जाता है, जिससे इसे और अधिक सुविधाजनक व तेज बनाया जा सके। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे यूटीएस ऑन मोबाइल एप और एटीवीएम आटोमेटिक वेंडिंग मशीन का अधिक से अधिक उपयोग कर बिना कतार, बिना झंझट टिकिट प्राप्त कर सफर को आसान बनाएं।

# सीवीआरयू और आईबीएम के बीच एमओयू

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय और इंटरनेशनल बिजनेस मशीन (आईबीएम) के बीच अनुबंध किया गया है। इसके अनुसार अब डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आईबीएम के अत्याधुनिक तकनीक के कोर्स को जोड़ा जाएगा। इससे भविष्य में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर अधिक मिलेंगे और मल्टीनेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट भी होगा। एमओयू में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी और आईबीएम के प्रोजेक्ट मैनेजर चिदानंदा, प्रोजेक्ट समन्वयक धवल शाह ने हस्ताक्षर किए।

- विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर अधिक मिलेंगे और मल्टीनेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट भी होगा

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया कि आईबीएम से आज एक महत्वपूर्ण एमओयू किया गया है। इसमें अब हमारे करिकुलम में आईबीएम के आधुनिक तकनीक के विषयों को शामिल किया जाएगा। कोर्स में आईबीएम के आधुनिक तकनीक को शामिल करने से विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स, बिग डाटा, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।



उन्होंने बताया कि आज हमारा देश विकसित भारत 2047 की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमें आधुनिक कोर्स की दिशा में जाना होगा। जिससे विद्यार्थी को अपडेट किया जा सके। हम लीडिंग कंट्री की रेस में अव्वल हो। इस अवसर पर डीन एकेडमिक एवं विश्वविद्यालय में आईबीएम की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि हमारे करिकुलम में आईबीएम के आधुनिक स्किल कोर्स जुड़ेंगे। विद्यार्थी इंडस्ट्री रेडी होंगे और विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर मेल्टीनेशनल कंपनियों में अधिक मिलेंगे। इस अवसर पर आईबीएम के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के करियर काउंसलिंग का सेशन भी लिया।

### छात्रों का कराया पंजीयन

**बिलासपुर।** सीवीआरयू के कौशल केंद्र द्वारा जिला उद्योग एवं व्यापार विभाग के साथ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए जागरूकता एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सीडी प्रसाद, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक नरेन्द्र साहू, बैंक आफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर प्रदीप चंद्रा, बैंक आफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर वैभव चतुर्वेदी, पंजाब नेशनल बैंक के शशि भूषण, ग्रामीण उत्थान सेवा समिति के निदेशक आरके ठाकुर ने योजना की जानकारी दी ।इस अवसर पर एनएसडीसी, भारत सरकार द्वारा लॉन्च जॉब पोर्टल पर छात्रों का पंजीयन कराया गया । साथ ही विश्वरंग द्वारा आयोजित विश्व हिंदी ओलिंपियाड के पोस्टर का भी विमोचन किया गया । इस अवसर आईसेक्ट पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित स्वरोजगार स्थापना के किए मार्गदर्शिका भेंट की गई।

एसईसीएल कर्मियों को कामकाज से जुड़े व दिशानिर्देशों की मिलेगी जानकारी

# एसईसीएल ने लांच किया जटायु डैशबोर्ड, सीएमडी ने किया शुभारंभ




बैठक में चर्चा करते एसईसीएल के सीएमडी जेपी द्विवेदी व अन्य अफसर।

**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय में 5 मार्च को आयोजित महाप्रबन्धक समन्वय बैठक में सीएमडी जेपी द्विवेदी ने एसईसीएल जटायु डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। सतर्कता एवं सिस्टम विभाग के संयुक्त प्रयास से विकसित इस ऑनलाइन डैशबोर्ड में कोल इंडस्ट्री से जुड़े विभिन्न नियम, सर्कुलर, एसओपी आदि का संकलन किया गया है। इस पहल से एसईसीएल कर्मियों को कामकाज से जुड़े विभिन्न नियम एवं दिशानिर्देश एक ही जगह उपलब्ध हो सकेंगे। नॉलेज अपडेट के माध्यम से निवारक सतर्कता को बढ़ावा मिलेगा।

इस दौरान निदेशक तकनीकी एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास एवं निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, सीवीओ हिमांशु जैन संचालन क्षेत्रों के महाप्रबन्धक एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

#### जटायु डैशबोर्ड है क्या

महान महाकाव्य रामायण में जटायु सतर्कता, कर्तव्य और धर्म के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक थे। न्याय और सुरक्षा के प्रति उनके समर्पण से प्रेरित होकर एसईसीएल सतर्कता और प्रणाली विभाग ने जटायु डैशबोर्ड विकसित किया है। जो कार्य-संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करके की दिशा में कार्य करेगा। यह सुनिश्चित करती है कि अधिकारियों को कोल इंडस्ट्री से संबंधित दैनिक कार्यों से जुड़े नियमों, दिशानिर्देशों और मानदंडों की जानकारी हो। जिससे कार्य संचालन में शंका ना रहे। निर्णय लेने में आसानी हो। डैशबोर्ड सार्वजनिक उद्यम विभाग, व्यय विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, कोल इंडिया और जैसी प्रमुख संस्थाओं द्वारा जारी परिपत्रों, दिशानिर्देशों को समेकित करता है। सुलभ सर्चिंग के लिए उचित टैगिंग के साथ, जारी करने वाली एजेंसी, क्षेत्र, विषय, वर्ष और तिथि के अनुसार दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से वर्गीकृत किया गया है।

#### बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव के लिए एआई-सक्षम चैटबॉट

टीम द्वारा एआई -संचालित चैटबॉट को एकीकृत करके जटायु डैशबोर्ड को और बेहतर बनाने की कल्पना की गई है। यह अधिकारियों के प्रश्नों के लिए विश्वसनीय, त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करेगा। जटायु डैशबोर्ड में एक योगदान अनुभाग भी है, जो अधिकारियों को प्रासंगिक पीडीएफ अपलोड करके अनुपलब्ध संसाधनों को शामिल करने का सुझाव देने की अनुमति देता है। इन सबमिशन की समीक्षा एडमिन द्वारा की जाएगी और उन्हें रिपॉजिटरी में शामिल किया जाएगा। आने वाले दिनों में, एआई चैटबॉट को टेंडरिंग, अनुबंध प्रबंधन, भूमि और पुनर्वास, वित्त, मानव संसाधन और प्रमुख परिचालन क्षेत्रों से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्नों के साथ प्रशिक्षित किया जाएगा।

एजुकेशन प्लस

### टैली कॉमर्स एप्टिट्यूड टेस्ट 2024-25 में सीयू प्रथम, डीपी कालेज द्वितीय, एयू तृतीय



प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते नाइसटेक के संचालक।

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ टैली एजुकेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड बैंगलुरु द्वारा आयोजित टैली कॉमर्स एप्टिट्यूड टेस्ट 2024-25 में देशभर के हजारों छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस परीक्षा का आयोजन भारत के 1100 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में किया गया। छत्तीसगढ़ में इस परीक्षा का संचालन नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन ईदगाह चौक बिलासपुर द्वारा किया गया। जो टैली एजुकेशन बैंगलुरु का मास्टर टैली असेसमेंट पार्टनर है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों ने अपनी उत्कृष्टता साबित की। इसके विजेताओं के नामों की घोषणा कर दी गई है। इसमें प्रथम गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, द्वितीय डीपी विप्र कॉलेज (स्वायत्तशासी) बिलासपुर, तृतीय अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर है। प्रतियोगिता में सफल रहे संस्थानों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को प्रथम पुरस्कार जिसे विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. ए. एस. रंधिवाये ने ग्रहण किया। डीपी विप्र कॉलेज को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इसे प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने लिया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय को तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया, जिसे रजिस्ट्रार डॉ. शैलेन्द्र दुबे ने ग्रहण किया।

### बीएनआई का नेट 2025 बिज़नेस ट्रेनिंग और नेटवर्किंग कार्यशाला 9 को

**बिलासपुर।** बीएनआई बिलासपुर द्वारा सभी व्यापारियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 9 मार्च रविवार को कोर्टयार्ड मैरियट होटल में सुबह 9 बजे से आयोजित कर रहे हैं। इस कार्यशाला बिज- नेट - 2025 जिसमे दिल्ली से कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं बिज़नेस कंसलटेंट गगन कपूर ने मार्केटिंग एवं सेल्स कैसे बढ़ाइ जाए इसकी ट्रेनिंग देंगें। जिसमे सभी तरह के व्यापारी भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए सभी व्यापारी राउंड टेबल डिस्कशन करेंगे। एक दूसरे के व्यवसाय में क्या सहयोग एवं परिचय करा सकते हैं साँझा करेंगे । बिज़-नेट में विभिन्न बड़े संस्थानों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। जिनसे मिल कर सभी व्यवसाई अपने व्यवसाय की जानकारी देंगे। इससे उनके व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा । बीएनआई विश्व की सबसे बड़ी रेफरल संस्था है। भारत में ये संस्था गत 20 वर्षों से कार्यरत हैं। बिलासपुर में गत 5 वर्षों से करीब 150 सदस्य बीएनआई से जुड़ कर एक दूसरे के व्यवसाय को बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं । इस कार्यशाला में भाग लेने अग्रिम पंजीयन अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए बीएनआई के स्थानीय कार्यालय दयालबंद एलन कोचिंग सेंटर में सम्पर्क कर सकते हैं।

5- MAR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 3/5/2025 11:43 PM Page 1

बिलासपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



नगाड़ों की थाप भी सुनाई देने लगी

आयोजन

## कुलपति प्रो. चक्रवाल थाईलैंड के शिनावत्रा विश्वविद्यालय में सम्मानित



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल को थाईलैंड के पथुंमथानी की शिनावत्रा विश्वविद्यालय में इंटरनेशनल हायर एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2024 के अंतर्गत एक्सीलेंस इन रिसर्च कोलेबरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। शिनावत्रा विश्वविद्यालय थाईलैंड के प्रेसीडेंट श्री जहू फे ने 5 मार्च को कुलपति प्रो चक्रवाल को सम्मानित किया। समारोह में कुलपति प्रो चक्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रो. चक्रवाल ने कहा कि भारत और थाईलैंड के मध्य प्राचीनकाल से ही प्रगाढ़ सामाजिक एवं सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। हमारे जीवन मूल्य, परंपराएं और सासंकृतिक आचार-व्यवहार में समानता है। प्रो. चक्रवाल ने कहा कि विश्व के विकसित राष्ट्र दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की ओर आशान्वित दृष्टि से देख रहे हैं। भारत दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र की इस विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षा नीति अहम भूमिका निभा रही है। इसमें मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करते हुए कौशल एवं ज्ञान से समृद्ध सामर्थ्यवान युवाओं के निर्माण पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवा समाज के साथ ही राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना के साथ सतत विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करें। इस दौरान दोनों संस्थानों के मध्य हुए एमओयू के माध्यम से अकादामिक, शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में जारी नवीनतम कार्यक्रमों एवं प्रयासों को साझा किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण शोधकार्यों के संपादन के लिए दोनों संस्थानों के शोधार्थी एवं शिक्षक उनके पास उपलब्ध फेसिलिटी का उपयोग कर सकेंगे।

# सजने लगी पिचकारी, अबीर-गुलाल व रंगों की दुकानें

रंगों का पर्व होली अब निकट है। शहर के लोगों में होली पर्व का उत्साह दिखाई देने लगा है। होली को लेकर बाजार में पिचकारी, अबीर-गुलाल और रंगों की दुकानें सजने लगी है। रंग-बिरंगी पिचकारी बच्चों को अपनी ओर लुभा रही है। वहीं युवाओं के लिए विविध तरह के गुलाल, रंगीन स्प्रे, सुगंधित गुलाल भी उपलब्ध है।

### लोगों में दिखने लगा है होली पर्व का उत्साह, खरीददारी भी कर रहे







**बिलासपुर।** विक्रेता जोसफ तारबाहर नाका ने बताया कि इस साल भी तरह-तरह की पिचकारी आई हैं। जिसमे प्रेशर गन, पिट्ठू, टंकी व पाइप वाली पिचकारी, मुखौटा बाल पिचकारी, मोटू पतलू के डिजाइनों की पिचकारी शामिल है। बच्चों को टंकी वाली पिचकारी अधिक पंसद आ रही है। इसमें रंग व पानी भरकर पीठ पर रख कर इससे आसानी से होली खेली जा सकती है। इसके अलावा डोरेमोन, साकालाका, स्पाइडर मैन, छोटा भीम व सामान्य पिचकारी की भी मांग है। मुखौटे, बाल, रंग-गुलाल की भी भरमार है। स्टेन गन, शेर, भालू, शैतान, मलिंगा बाल व चोटी, स्पाइडर मैन, डोरेमोन टैंक, एयर प्रेशर, म्यूजिकल रंग भोपू पाइप भी बाजार में है। बच्चों के लिए नए-नए डिजाइनों की टोपियां भी नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि हर्बल गुलाल लोगों का पसंदीदा है, क्योंकि यह चेहरे के लिए नुकसानदायक नहीं हैं। कुछ म्यूजिकल आइटम भी है।

### लोगों में दिखने लगा है उत्साह

शहर से लेकर गांव क्षेत्र के बाजारों में होली का उत्साह दिखने लगा है। कई मोहल्लों में तो गीत-रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे होली है..,अरे कैने मारी पिचकारी तोरी भीगी अंगिया.., ओ रंग रसिया, रंग रसिया होहोए.. आदि होली गीतों की भी गूंज होने लगी है।

### मंगाई गई है महानगरों से

विक्रेताओं ने बताया कि होली का पूरा आयटम दिल्ली, मुंबई, मेरठ, कोलकाता से मंगाया गया है। इन आयटमों की रेंज 10 रूपए से लेकर एक हजार रूपए तक है। इन चीजों की लोग अपनी बजट व पसंद के अनुरूप खरीददारी कर रहे हैं।



### महिला मंडल का होली मिलन समारोह कल

श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मंडल द्वारा शुक्रवार 8 मार्च को होली मिलन और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार के गेम्स और हाउजी खेल कर फ़ाग गीत गाए जाएंगे। अंत में फूलों की होली खेली जाएगी। अध्यक्षा मधु गुप्ता ने महिला मंडल के सभी पूर्वाध्यक्षों एवं सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

कार्यक्रम

## हनुमान महापाठ करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रामसेतु चौक सरकंडा में मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का महापाठ किया गया। महापाठ करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्री हनुमान सेवा समिति से जुड़े प्रणव मिक्की मिश्रा ने बताया कि उनकी इस समिति द्वारा हर माह के प्रथम मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ कर श्री हनुमान चालीसा का महापाठ किया जाता है। अंत में अंजनी पुत्र हनुमान की महाआरती कर भोग प्रसाद का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में इस मंगलवार को यह आयोजन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच किया गया। उन्होंने बताया कि हर माह हनुमान भक्तों की इस आयोजन में संख्या बढ़ती जा रही है। सभी बड़े उत्साह व श्रद्धा के साथ महापाठ व महाआरती में भाग लेते हैं। सामूहिक महापाठ व महाआरती से पूरा माहौल हनुमानमय बन जाता है। अंत में समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं नवनिर्वाचित पार्षदों का श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर पार्षद संजय सीमा सिंह, सुनीता जगत, संगीता परिहार, आशा सिंह, आराधना मिश्रा, राधा मिश्रा, पूनम आचार्या, सुमन द्विवेदी, डॉ. सुषमा पंड्या, पूनम मिश्रा, तपस्या गुप्ता, प्रार्थना मिश्रा, कामाक्षी आचार्या, मनीष अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# महाकुंभ में दी गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** मां गंगा मैया के तट पर आयोजित महाकुंभ समापन समारोह में जिले में संचालित लोक श्रृंगार भारती गेड़ी लोक नृत्य दल ने सफल प्रदर्शन किया। संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार गढ़ेवाल के द्वारा 18 सदस्यीय गेंड़ी लोक नृत्य के दल का प्रयागराज में आयोजित समारोह में प्रस्तुति दी।

वादक कलाकारों के द्वारा पारंपरिक कर्मा नृत्य गीत एवं पारंपरिक फाग गीत संगीत बजाकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया, तत्पश्चात मुख्य गायक अनिल कुमार गढ़ेवाल ने पारंपरिक ददरिया गीत का गायन करते हुए मंच पर प्रवेश किया साथ ही साथ गेंड़ी नृत्य गीत को अपना मधुर स्वर देकर दर्शकों को मोहित किया। गेंड़ी नृत्य नर्तकों को अपने मादर की थाप पर नाचने वाले संजय रात्रे ने भावपूर्ण मांदल वादन किया यह प्रस्तुति हर कोई देखता रहा। जब बिना रुके एक ही जगह पर घूम-घूम कर मोहन डोंगरे ने मांदल बजाया तो गंगा तट तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, महेश नवरंग ने बांसुरी के स्वर लहरियों में गेड़ी नृत्य नर्तकों को खूब नचाया वही हारमोनियम वादक सौखी लाल कोसले ने गेड़ी नृत्य गीत को हारमोनियम में स्वरबद्ध किया।

### गेंड़ी नृत्य में दी प्रस्तुति

सह गायक के रूप में फागूराम सूर्यवंशी ने गेंड़ी नृत्य गीत को अपना स्वर दिया पांच रंगों से रंगीन गेंड़ी पर चढ़कर मुख्य नर्तक चेतन कुर्रे तथा सूरज खांडे के कंधों पर खड़ा होकर शुभम भार्गव ने जब गेड़ी को हवा में लहराया तो दर्शकगढ़ अपने जगह पर खड़े होकर ताली बजाया और कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। लक्ष्मी नारायण माण्डले , फूलचंद ओगरे तथा चंद्रशेखर केवट एवं मनोज माण्डले, अमित भार्गव ने एक गेड़ी पर नृत्य करके सबको अचरज में डाल दिया। गेड़ी लोक नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य की पुरातन लोक संस्कृति में से एक है जिसे छत्तीसगढ़ राज्य में हरेली पर्व के उपलक्ष्य में किया जाता रहा है। गेड़ी लोक नृत्य की मूल विशेषता यह है कि इसमें आधुनिकता का एक अंश भी नजर नहीं आता गीत संगीत तथा वेशभूषा और वाद्य यंत्र पूर्णता पारंपरिक है गीत शैली भी पारंपरिक है इसलिए दर्शकों को यह अधिक पसंद आता है।

# ऐसे आयोजनों से बढ़ती है रोजगार क्षमता





**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में आयोजित खाद्य संरक्षण प्रदर्शनी, गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर शोभा महेश्वर के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिससे छात्रों को खाद्य संरक्षण तकनीकों में अपनी दक्षता प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिला, संस्थान के प्राचार्य डॉ. के.के. भंडारी ने प्रदर्शित वस्तुओं की उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए शिक्षकों और छात्रों दोनों की सराहना की, उन्होंने ऐसे प्रयासों के महत्व पर जोर दिया जो छात्रों में वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देते हैं, 'सीखते हुए कमाओ' दर्शन के साथ मेल खाते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल छात्रों को व्यावहारिक कौशल से सुसज्जित करता है, बल्कि वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के साथ शैक्षणिक शिक्षा को एकीकृत करके उनकी रोजगार क्षमता को भी बढ़ाता है। ऐसे अनुभवात्मक शिक्षण मॉडल को उच्च शिक्षा को आधुनिक कार्यबल के लिए अधिक सुलभ और प्रासंगिक बनाते,आय के अवसर प्रदान करते हुए,करियर की सफलता के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए मान्यता प्राप्त है। डॉ आरती सिंह ठाकुर, डॉ. ईशा बेला लाकड़ा, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. शशिकला सिन्हा, सी अनूपा तिर्की, दीपिका महोबिया सशक्त बनाया गया।

### उद्यमशीलता कौशल को मिल रहा बढ़ावा

छात्र खाद्य खराबी को कम करने में योगदान देते हैं, जिससे पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है। स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा मिलता है, यह प्रयास न केवल परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करता है बल्कि संभावित रोजगार के अवसर भी पैदा करता है, जिससे कुछ क्षेत्रों में जनसंख्या कमी जैसी चुनौतियों का मुकाबला होता है। गृह विज्ञान विभाग की यह प्रदर्शनी शैक्षणिक कठोरता को व्यावहारिक अनुप्रयोग के साथ एकीकृत करने, उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने, स्थिरता को प्रोत्साहित करने और छात्रों में वित्तीय स्वतंत्रता का समर्थन करने का एक आदर्श उदाहरण है। इस प्रकार की पहल समकालीन दुनिया की जटिलताओं को नेविगेट करने और सकारात्मक योगदान देने के लिए सुसज्जित, समग्र व्यक्तियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चे दिखा रहे अपने खेल और कला का जौहर

# शारीरिक रूप से भले ही दिव्यांग, लेकिन मानसिक रूप से सशक्त









कार्नर न्यूज

स्व. बी आर यादव स्टेडियम में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में 33 जिलों के 660 दिव्यांग स्कूली बच्चे अपने खेल जौहर का साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ प्रदर्शन कर रहे है। उद्घाटन बुधवार को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों और शिक्षक भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम में अपना उद्बोधन देते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने क्षेत्र में बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि विशेष सहायता प्राप्त वाले आप वह बच्चे हैं जो शारीरिक रूप से भले ही दिव्यांग हैं, लेकिन मानसिक रूप से सर्वोच्च स्थिति प्राप्त है, उन्होंने आगे कहा कि दरअसल विशेष आवश्यकता वाले बच्चे आप नहीं बल्कि वह बच्चे हैं, जिन्हें संपूर्ण संसाधन शारीरिक मानसिक भौतिक रूप से प्राप्त हैं और उसके बावजूद वह परिणाम देने में असमर्थ हैं। आप लोग तो इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के जरिए अपने कला जौहर का प्रदर्शन कर समाज को मनोबल देने का कार्य कर रहे हैं और किसी भी पल आप अपने आप को असहाय महसूस मत कीजिएगा, क्योंकि जीवन में हर क्षण संघर्ष करना पड़ेगा और जीवन अपने आप में संगम होता है, जिसमें आपको यूं ही लड़कर जीत हासिल करनी है।

कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर उपस्थित हुई शहर की प्रथम नागरिक और महापौर पूजा विधानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी बच्चे हमारे प्रदेश और देश का उज्ज्वल भविष्य है और आपके बीच जाकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। समाज का यह दायित्व है कि वह लगातार आपको प्रोत्साहित करें और आप में वह तमाम क्षमता है जिसके बदौलत आप न केवल खुद को साबित करेंगे बल्कि समाज के लिए एक उदाहरण भी प्रस्तुत करेंगे।

### यह स्पर्धाएं हो रही

प्रतियोगिता में अस्थि बाधित बच्चों हेतु ट्राईसायकल दौड़ (100 मी.), वाकर दौड (50 मी.), कुर्सी दौड़, श्रवण बाधित बच्चों हेतु लम्बीकूद,गोला फेंक,100 मी. दौड, दृष्टिबाधित (दृष्टिहीन)बच्चों हेतु मटकाफोड़ प्रतियोगिता , मिश्रित मोतियों को अलग करना, स्पर्श द्वारा कपडो में भेद करना जैसी प्रतियोगिताएं, मानसिक मंद बच्चों हेतु 50 मी. दौड़ , सॉफ्ट बॉल थ्रो, फुटबॉल जैसी विविध प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। इसके अतिरिक्त स्वच्छता अभियान आधारित रंगोली और आदर्श विद्यालय थीम आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के साथ सुलेख और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। खेल के अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल गीत, एकल नृत्य, समूह गीत, समूह नृत्य का भी आयोजन किया जा रहा है।



## नेटबॉल टीम के खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता

उत्तराखंड में आयोजित 38वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ की मिक्सड नेटबॉल टीम के खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया, जिसमें बिलासपुर के सौम्य संतवानी भी शामिल थे छत्तीसगढ़ की टीम को उस्लापुर स्टेशन पहुंची जिसमें सभी का स्वागत किया गया। इसमे उपस्थित आनंद सिंह, महेश शर्मा, योगेश साहू, टी प्रतीक राव, विकास शुक्ला, सृष्टि कांस्कर, प्रकृति कांस्कर, मोहन निषाद, अमित पिल्ले, ऋषभ हडलेस्कर, पवन निषाद, विशाल टंडन, हर्ष सिंह ठाकुर एवं सौम्य संतवानी के परिजनों ने भी स्वागत किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नपा अध्यक्ष हुलसी सहित 15 पार्षदों को दिलाई गई शपथ



**पथरिया।** बुधवार को नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव सहित 15 पार्षदों को रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम भरोषा राम ठाकुर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अनिला देवेंद्र राजपूत, अम्बालिका साहू, देवेंद्र कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। शपथ के बाद हुलसी ने जय श्रीराम का नारा लगाकर नागरिकों का अभिवादन किया। हुलसी ने कहा कि धरमलाल कौशिक के आशीर्वाद से नागरिकों को अधिकतम नगरीय सुविधाएं दिलाएंगे, वहीं नागरिकों के सुझाव और शिकायतों के लिए त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था नगर पंचायत कार्यालय में करेंगे। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों का आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर कराकर सीएमओ अनुराधा राजमणि ने विधिवत नवीन परिषद की घोषणा की।

## नपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार



**तखतपुर।** जनपद पंचायत तखतपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बुधवार को कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। जनपद पंचायत चुनाव में भाजपा के समर्थित प्रत्याशियों की जीत के बाद भाजपा के ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। अध्यक्ष के लिए माधवी संतोष वस्त्रकार तथा उपाध्यक्ष के लिए राकेश तिवारी के नाम का सर्वसम्मति से चयन हुआ। बुधवार को अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार एवं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने जनपद पंचायत तखतपुर पहुंचकर विधि-विधान पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद माधवी वस्त्रकार ने कहा कि पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र में व्यवस्थित ढंग से विकास कार्य कराए जाएंगे, पंचायतों की जो भी समस्या होगी उसका निराकरण सरपंचों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर किया जाएगा। पंचायत क्षेत्र के लोगों के लिए वे सदैव उपलब्ध रहेंगे। विकास कार्यो में पूरी पाद्धर्शिता रखी जाएगी।

## नपा अध्यक्ष लवकुश ने पूजा-पाठ कर ग्रहण किया कार्यभार



**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने 15 पार्षदों के साथ बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में पूजा-पाठ कर अपने कार्य की शुरुआत की। हालांकि, अब तक विधिवत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन नहीं हो सका है। इधर गुरुवार से होलाष्टक लग रहा है, जिसमें शुभ कार्य वर्जित हैं। इसको ध्यान में रखते हुए बुधवार को ही विधिवत पूजा-अर्चना कर भाजपा अध्यक्ष और सभी पार्षदों ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। लवकुश ने कहा कि शुभ मुहूर्त में विधिवत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष और पार्षदों का कहना था कि वे नगर पालिका परिषद के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए तत्पर हैं।

## जेवरा में शपथ ग्रहण के बाद प्रथम सम्मेलन का आयोजन



**मस्तूरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलाने सोमवार को पंचायतों में प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया था। में विकासखंड के ग्राम पंचायत जेवरा में सचिव राजकुमार पटेल ने नवनिर्वाचित सरपंच मूलचंद पटेल एवं पंच ओजस्वी जायसवाल, शिवकुमारी नेताम,अशोक कुमार नेताम ,शिवकुमारी नेताम ,संगीता खांडे, कलेश्वरी बाई आर्मो, मनुकिया बाई, सनोहर सिंह मरावी, संतोष कुमार पटेल, किशुन कुमार पटेल, सखाराम पटेल, फुलबाई पटेल, हेमपुष्पा पटेल, लक्ष्मीबाई राज, अहिल्या खुसरो, मनोज कुमार टेकाम, पूर्णिमा सिन्दाम, नीराबाई, शांति विश्वकर्मा एवं राजकुमारी को शपथ दिलाई गई।

## ग्राम पंचायत हरनचाका में निकाली गई आभार रैली



**लालपुर।** ग्राम पंचायत हरनचाका में नवनिर्वाचित सरपंच नारायण सिंह राजपूत की अगुआई में आभार रैली निकाली गई। इस दौरान गांव के लोगों ने रैली का स्वागत किया। आभार रैली में लखन सिंह, ज्ञान सिंह, मनी सिंह, डॉ संतोष सिंह, दिनेश यादव, परसराम यादव, खेम सिंह, अजय बघेल, शिवकुमार जांगड़े, हीरादास, जगदीश जांगड़े, रामेश्वर वैष्णव, वेदप्रकाश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, विमल सिंह, चोलाराम, बालाराम, धन सिंह, उमाशंकर, तोक सिंह, कपीश निर्मलकर, मनोहर सिंह, दिलीप सिंह, नारायण दास वैष्णव, बल्ला सिंह, नरोत्तम कश्यप, संजय कश्यप, ललित सिंह, भुनेश्वर सिंह, भक्ति सिंह, जीवन सिंह मौजूद थे।

## शपथ के साथ ही नवनिर्वाचित सरपंचों ने ग्रहण किया प्रभार



**बिल्हा।** बिल्हा ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही सरपंचों ने अपना-अपना प्रभार संभाल लिया। ग्राम पंचायत पेंड्रीडीह के पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच दाऊराम निषाद को सचिव रोशनी उपाध्याय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने पौधा लगाने व उसे सुरक्षित रखने के साथ अपने क्षेत्र को हरा-भरा रखने का संकल्प दिलाया। समारोह के बाद सरपंच दाऊराम निषाद ने कहा कि मेरी सबसे पहली प्राथमिकता गांव की मूलभूत सुविधा जैसे नाली, सडक़, पानी, बिजली की व्यवस्था करना तथा ग्राम पंचायत पेंड्रीडीह को स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलशी बघेल, पूर्व सरपंच शिवकुमार घिरोरे, नीता ध्रव, इजहार अली, अन्नपूर्णा नेताम, सुषमा, शिवकुमारी, अमृत लाल ध्रुव, देव प्रसाद, तरुना, राकेश ध्रव, भागीरथी ध्रुव, मंजूषा गढ़ेवाल, अर्चना निषाद, सतीबाई बाई कोसले, अलका गढ़ेवाल, अनुसुइया मरावी, मोहन नाग, रमेश गढ़ेवाल, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## धनगांव गोसाई में नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों का सम्मान



**जरहागांव।** पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह डॉ रामकुमार साहु, कुलेश्वर साहू, महेंद्र साहू, बबलू साहू के मार्गदर्शन एवं ग्राम पंचायत के तत्वाधान में आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच खेलावन नेताम एवं सभी पंचों को श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव झूलाराम धृतलहरे ने किया।सरपंच खेलावन नेताम ने कहा कि आज का यह पल मुझे जीवन भर याद रहेगा। लंबे अरसे तक एएसआई के पद पर रह कर मैंने देश की सेवा की है। गांव से दूर रहने पर भी गांव के लोगों ने जो प्यार और विश्वास मेरे प्रति दिखाया है मैं निश्चित ही उस पर खरा उतरूंगा। कार्यक्रम में शिव कुमार साहू, रमेश साहू, रेखू लाल साहू, रामदास, सोहन साहू, शत्रुघ्न यादव, प्रताप राम साहू, बबलू साहू, प्रताप राम साहू, धनपाल साहू, संतोष ध्रुव, सावित्री बंजारा हेमलता डाहीरे, नीता साहू, जया साहू, कीर्तन बेरवांश, कलम बघेल, श्रवण अनंत, लक्षण दिवाकर, नाथूराम साहू, आशीष लहरे, दीपेश गेंदाले, किरण आदि मौजूद रहे।

## कुकदा के सरपंच व पंचों ने ली ग्राम के विकास की शपथ



**खम्हरिया।** मस्तूरी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकदा में सोमवार 3 मार्च को नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में क्षेत्र क्रमांक 2 के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य प्रतिनिधि अजय पांडेय उपस्थित रहे। गांव के सचिव ललित पटेल ने नवनिर्वाचित सरपंच जितेंद्र कुमार नेताम को एवं साथ समस्त पंचों को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर पंच रितु कुमारी साहू, सावित्री साहू, विनोद कुमार यादव, रुपेश कुमार पाटनवार, चमेली सूर्यवंशी, नेहा केशरवानी, पूजा सूर्यवंशी, शत्रुहन लाल सूर्यवंशी, राकेश कुमार पत्रवानी, संतोष कुमार लैहर्षण, कृष्णा बाई सूर्यवंशी, साधिन बाई सूर्यवंशी, सूरज कुमार साहू, यार मोहम्मद, फिरोज बेगम खान , सबिना बेगम, सती बाई धनुहार, शशिकला गोड, गंगोत्री बाई केवट, व्यास सूर्यवंशी, नरेन्द्र सिंह मरकाम सहित रोजगार सहायक, शिक्षक सत्यनारायणा राठौर, परमेश्वर मरकाम प्रधान पाठक, श्रवण देवागन, लक्ष्मीशंकर यादव एवं संकुल समन्वयक बसंत जयसवाल उपस्थित रहे।

## सामंजस्य बनाकर ग्राम विकास पर ध्यान केंद्रित करें: बांधी



**मस्तूरी।** नव निर्वाचित पंच- परमेश्वर गांव में आपसी सामंजस्य बनाकर ग्राम विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करें। उक्त बातें सोमवार को पुराना बाजार चौक पर स्थित पंचायत भवन में आयोजित नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ कृष्ण मूर्ति बांधी ने कही। पंचायत भवन में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को डॉक्टर बांधी ने कर्तव्य व निष्ठा की शपथ दिलाई। जिसमें पूर्व सरपंच रह चुकी एवं नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता विनोद सारथी एवं पंच अभिषेक कुमार मौर्य, रुक्मिणी देवी, संजय कुमार तिवारी, अंकित तनु मिश्रा, परदेसी प्रजापति, कमलेश अवस्थी, महेंद्र कुमार रात्रे, चित्ररेखा धीरज, नोहर लाल, ज्योति कुर्रे, मीना देवी कुर्रे, राजेश्वरी यादव, पिंकी करियारे, कुलदीप कुर्रे, गजेंद्र सिंह राठौर ,रेखा मानिकपुरी, पंकज निर्मलकर, रामेश्वरी यादव, शोभा रानी सोनी परमेश्वर गुप्ता शपथ ली। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष शंकर यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामानूज श्रीवास आदि मौजूद थे।

## ठकुरीकापा के विकास की जिम्मेदारी एक की नहीं, बहेगी विकास की गंगा



**जरहागांव।** ग्राम पंचायत ठकुरीकापा में नवनिर्वाचित सरपंच रानी बंटी जायसवाल एवं समस्त पंचों को सचिव भरत गोस्वामी ने शपथ ग्रहण कराई। वहीं रोजगार सहायक श्याम दास कोसले ने सरपंच को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान रानी बंटी जायसवाल सरपंच, नागेश्वर जायसवाल भरत गिरी गोस्वामी पंचायत सचिव, श्याम दास कोशले ग्राम रोजगार सहायक, नकुल डिंडोले तकनीकी सहायक सहित पंच इंकु जायसवाल, रिंकी पटेल, सविता निषाद, अमरीका सोनकर, सुवासीन सोनकर,चन्द्रिका सोनकर, सुखिन बाई खांडे, स्नेहा पाली, ईश्वरी साहू, प्रेमी साहू, रत्ना ध्रुव, कामनी सोनकर, ईश्वरी लहरे,सैन दास कोशले, ठाकुर राम सोनकर, दिलीप जायसवाल लखन साहू, दिनेश सोनकर, जीतेन्द्र नट एवं नागरिक उपस्थित रहे। शपथ के बाद सरपंच प्रतिनिधि टेकलाल पटेल ने कहा कि हमारे गांव में विकास की गंगा बहेगी। सरपंच हम नहीं अपितु पूरा गांव है। हर किसी की जिम्मेदारी है कि गांव में विकास करें, इसके लिए एक मत होकर चलना होगा।

## पूर्व एएसआई बने सरपंच, बोले- नहीं होगी अनुशासनहीनता



**लालपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों ने गांव के विकास के लिए अपनी पसंद के जनप्रतिनिधियों का चुनाव कर लिया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत धनगांव गोसाई में सेवानिवृत्त एएसआई रामखेलावन नेताम सरपंच निर्वाचित हुए हैं। शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भवन में सरपंच एवं समस्त पंचों ने नियमानुसार शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ रामकुमार साहू, महेंद्र साहू, शिव कुमार साहू, रमेश साहू, रेखू लाल साहू, रामदास, सोहन साहू, शत्रुघ्न यादव, प्रताप राम साहू, बबलू साहू, प्रताप राम साहू, धनपाल साहू, संतोष ध्रुव, सावित्री बंजारा हेमलता डाहीरे, नीता साहू, जया साहू, कीर्तन बेरवांश, कलम बघेल, श्रवण अनंत, लक्षण दिवाकर, नाथूराम साहू, आशीष लहरे, दीपेश गेंदाले, किरण, अशिक्षा पत्ते, नेवारिया साहू, सीताराम साहू, चंदडू, पकलू ध्रुव, तोरण नवरंग, देवली, पंच बाई साहू,सतीश साहू, लेखन सेठ, सुरेश ध्रुव, परदेश लहरे, फागू राम, श्याम नवरंग, बल्दू बंजारा एवं विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित जनपद सदस्य का नेवसा में स्वागत



**बेलतरा।** जनपद पंचायत बिल्हा के क्षेत्र क्रमांक 2 से भाजपा की कमला विजय साहू के जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर ग्राम नेवसा में उनका भव्य स्वागत हुआ। ग्रामीणों ने गुलाल लगाकर और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर किशोर साहू, केशव कोरी, प्रमोद वैष्णव, मेलाराम साहू , विकास धीवर, बलराम कश्यप, अनिरुद्ध साहू, जगत राम साहू, सुरेश कश्यप, पारस बैशवाड़े, पुक्रांता कश्यप, शेखर बैशवाडे, अरविंद कश्यप, लेखराम सहित गांव के गणमान्य स्वागत में मौजूद रहे।

### बरेला के पार्षदों ने की केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के नगर अध्यक्ष नरेश पटेल के मार्गदर्शन में नव निर्वाचित पार्षदों ने बरेला के वार्ड क्रमांक 13 के युवा पार्षद राजकुमार साहू के नेतृत्व में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से बिलासपुर में मुलाकात की। इस दौरान नगर के विकास एवं सरकार की योजनाओं को सभी लोगों तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। इस पर तोखन साहू ने पार्षद राजकुमार साहू को आने वाले समय में बरेला के विकास में भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ऋषभ साहू, प्रकाश गुप्ता, सूरज साहू, अरुण धुरी, शुभम साहू उपस्थित रहे।

### ग्राम ऊनी नमें शिव पुराण कथा का आयोजन



**खमरिया।** ग्राम ऊनी में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन आचार्य भागवत अश्वनी शुक्ल ने भगवान महादेव की दयालुता एवं करूणा का वर्णन करते हुए कहा कि चाहे कोई कोई महाराजा हो या फिर रंक या फिर पशु-पक्षी ही न क्यों हो। जो शंकर जी की शरण में जाते हैं सभी प्रकार के पापों से मुक्त हो जाते हैं। कथा में लक्षेश्वर धाम सलधा से पहुंचे दंडी स्वामी मज्ज्योतिरमयानंद के मुख से भी भक्तों को आशीर्वचन प्राप्त हुआ। शिव महापुराण कथा को सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा का आयोजन स्व केशव सिंह मौवार की स्मृति में हरकुमार ठाकुर एवं पूरे ग्रामवासियों भक्तों के द्वारा किया जा रहा है।

## नो एंट्री जोन के समय में परिवर्तन एसपी ने जारी किया निर्देश



वाहनों की जांच करते पुलिसकर्मी।

**पेंड्रा।** जिले की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नो एंट्री जोन के समय में परिवर्तन किया गया है। अब यह समय सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। इस नए नियम के तहत यातायात पुलिस की ओर से एंट्री जोन में प्रवेश करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

■ यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल की उपस्थिति में बुधवार को यातायात पुलिस ने 28 वाहनों पर कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। इसके साथ ही 43 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत जुर्माना लगाया गया। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने यातायात प्रभारी एवं थाना प्रभारी पेंड्रा को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि रात्रि 10 बजे से पहले भारी वाहन शहर में प्रवेश न करें। इसके साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, शराब पीकर वाहन न चलाने और तीन सवारी न बैठाने के निर्देश दिए।

पुलिस प्रशासन का मानना है कि नियमों के सख्त पालन से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी। जिला पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके।

## 10 हजार से अधिक बच्चों ने दी 10वीं की परीक्षा

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले में 340 छात्र अनुपस्थित रहे। 10 हजार 509 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। नकल प्रकरण निरंक रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने बताया कि 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 10 हजार 849 परीक्षार्थी दर्ज है



जिसमें अंग्रेजी की परीक्षा में 10 हजार 509 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 340 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मुंगेली विकासखंड में 4 हजार 298 दर्ज विद्यार्थियों में से 4 हजार 192 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसी तरह लोरमी विकासखंड के 4 हजार 189 दर्ज विद्यार्थियों में से 4 हजार 33 विद्यार्थी और पथरिया विकासखंड में 2 हजार 362 दर्ज विद्यार्थियों में से 2 हजार 284 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

## लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत बहुत जरूरी

**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित जेपी मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में 4 मार्च को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

■ जेपी मिश्र कॉलेज में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत बहुत जरूरी है। सफलता प्राप्त करने समर्पण भाव से सतत प्रयत्नशील रहें। एसपी ने छात्रों को निष्काम भाव से सतत क्रियाशील रहने और कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न तिवारी ने महाविद्यालयीन विकास के लिए जिला प्रशासन के साथ समन्वय और सहयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. शोभित बाजपेयी प्राचार्य ने स्वागत भाषण और महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्रसंघ प्रभारी के. अहमद, एस. के. तिवारी सहित सभी शिक्षक, कार्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



दीप प्रज्वलित करते कलेक्टर, एसपी।

## चारभाठा स्कूल में लगा मेला व प्रदर्शनी



**मुंगेली।** संकुल नवागांव घु अंतर्गत संकुल केंद्र प्रतापपुर नवागांव घुठेरा और कोदवा बानी के सम्मिलित प्रयास से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चारभाठा स्कूल भवन में निपुण भारत के तहत, मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों संकुलो से 15 स्कूल के विद्यार्थी टीएलएम के साथ उपस्थित हुए। उसकी उपयोगिता पर बहुत अच्छे ढंग से बच्चों द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रदर्शनी में सूर्यकांत उपाध्याय उपस्थित रहे पूर्व माध्यमिक शाला चारभाठा के शिक्षक प्रशांत उपाध्याय एवं मोहन साहू निर्णायक की भूमिका निभाई। शैक्षिक समन्वक उमेश साहू जिला राम यादव एवं पवन कश्यप सहित क्लब संकुल से दीपक वेंताल, लखन कुर्रे, हीराप्रसाद चतुरगोष्ठी, रुपनारायण बंजारा, सावित्री राजपूत, निहारिका चंद्राकर, नैनसी मसीह, सदाब सैयद, कुलेश्वरी ध्रुव, सौरभ जैकब, संतोष अजय जायसवाल, भागबली ध्रुव, केशव यादव, नारायण साहू, संतोष कुमार, नारायण साहू, चन्द्रकुमार जांगड़े, लखन साहू, झाड़ू यादव, लखन कँवर शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जालान ने किया सड़क जीर्णोद्धार का भूमिपूजन



**पेंड्रा।** पेंड्रा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राकेश जालान ने 20 लाख की लागत से नया बस स्टैंड से हाउसिंग बोर्ड कालोनी पहुंच मार्ग तक सड़क जीर्णोद्धार का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राकेश जालान ने कहा कि जर्जर हो चुकी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने से हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों को राहत मिलेगी। वहीं इससे सभी को आने-जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमलदीप मिंज, सब इंजीनियर स्वप्निल मिश्रा,अनवर सिद्दिकी, आकाश केसरी आदि मौजूद थे।

## मशरूम उत्पादन एवं हर्बल गुलाल प्रशिक्षण का समापन

# आत्मविश्वास है तो आसमान की ऊंचाई भी कम है: द्वारिकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में वैदिक महाविद्यालय सीपत में 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन एवं हर्बल गुलाल, सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण, ट्रेक्टर ड्राइविंग प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ।

■ आत्म विश्वास से दुनिया को जीत सकते हैं: अखिलेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण रंजन भारती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था के इन प्रयासों को शब्दों में बयां नहीं कर सकते। प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनना बहुत ही बड़ी बात होती है। उन्होंने कहा कि आप यही न रुकिए, ये आपका अंतिम पड़ाव नहीं बल्कि आप लगातार आगे बढ़िए। विशिष्ट अतिथि छग फिल्म के निर्माता अभिनेता अखिलेश पांडेय ने छत्तीसगढ़ी अंदाज में कहा कि आत्मविश्वास से आप दुनिया को जीत सकते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि सभी चीजों का सार आत्मविश्वास है। आप में यदि आत्मविश्वास है तो आपके लिए आसमान की ऊंचाई भी कम है। प्रशिक्षित बच्चे ईमानदारी के साथ घर के आर्थिक जिम्मेदारियों को कम करके घर को सशक्त व मजबूत बनाएं। इस दौरान एक छग फिल्म के पोस्टर का भी मंच से विमोचन किया गया। प्रशिक्षण लिए सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच पर उपसंचालिका मीना पांडेय, आनंद साहू, मनीष तिवारी, वैज्ञानिक डॉ शिल्पा कौशिक, डॉ निवेदिता पाठक, डॉ स्वाति शर्मा, डॉ जयंत साहू, डॉ पंकज उपस्थित रहे। प्रशिक्षण को सफल बनाने मे राजू साहू, इमरान अली, संत रात्रे, रामेश्वर साहू, रूखमणी चौधरी, ज्योति सूर्यवंशी, आकांक्षा भारती, रविशंकर यादव, सुरेश बिंझवार सहित सभी प्रध्यापकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने किया।




समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंचासीन अतिथि।

## भक्तों ने भगवान शंकर-पार्वती की चैतन्य झांकी का किया दर्शन



**मल्हार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि के मल्हार सेवा केंद्र में महाशिवरात्रि पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना मेला परिसर में की गई। भक्तों ने भगवान शंकर व माता पार्वती की चैतन्य झांकी का दर्शन कर पुण्य प्राप्त किया।

मंगलवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त व पार्षद कमलेश ठाकुर ने शिरकत की। सेवा केंद्र की प्रमुख निशा दीदी ने सभी को शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए बताया कि शिवरात्रि इस कलयुग रूपी रात में परमात्मा शिव के अवतरण की याद है। उन्होंने बताया कि भगवान एक है, निराकार है, सर्वोच्च सत्ता है, सर्वोपरि है, सर्वशक्तिमान है। उन्होंने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि पिछले 89 वर्षो से यह संस्था विश्व कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था बहुत श्रेष्ठ कार्य कर रही है। यह लोगों को आध्यात्म से जोड़ रही है, जो मनुष्यों के कल्याण के लिए सहायक होगा।

## खबर संक्षेप

### गोंदिया से छपरा के बीच तीन फेरे लगाएगी स्पेशल



**बिलासपुर।** होली पर्व के दौरान रेल प्रशासन ने गोंदिया से छपरा के बीच तीन फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, जो रायपुर, बिलासपुर होकर रवाना की जाएगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से गोंदिया से छपरा और पटना जंक्शन के लिए स्पेशल ट्रेनों का पिचालन किया जा रहा है। होली के दौरान ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए स्पेशल ट्रेनों में 08863/08864 गोंदिया-छपरा एक फेरे के लिए, 08895/08896 गोंदिया-छपरा एक फेरे के लिए और 08897/08898 गोंदिया से पटना दो फेरे के लिए चलाई जाएगी। जानकारी के अनुसार 08863 गोंदिया से छपरा के बीच होली स्पेशल ट्रेन और 08895 गोंदिया-छपरा होली स्पेशल बनकर ट्रेन 11 और 12 मार्च की शाम 5 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनांदगांव, रायपुर, भाटापारा होते हुए उसलापुर रात 10.30 बजे होकर दूसरे दिन शाम 7 बजे छपरा पहुंचेगी। वहीं वापसी में 08864 छपरा-गोंदिया स्पेशल 13 मार्च को और 08896 छपरा-गोंदिया स्पेशल 12 मार्च को छपरा से रात 10.15 बजे रवाना होकर बलिया, वाराणसी, प्रयागराज होकर उसलापुर 4.45 बजे होते हुए रायपुर, राजनांदगांव होकर रात 11.45 बजे गोंदिया पहुंचेगी। इसी तरह दो फेरे के लिए चलने वाली 08897/08898 गोंदिया-पटना होली स्पेशल ट्रेन 11 व 12 मार्च को सुबह 11 बजे रवाना होकर रायपुर, भाटापारा होते हुए बिलासपुर शाम 3.55 बजे पहुंचने के उपरांत दूसरे दिन सुबह 11 बजे पटना और 08898 पटना-गोंदिया होली स्पेशल 13 व 14 मार्च को दोपहर 12.30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन सुबह 7.10 बजे बिलासपुर होते हुए दोपहर 2.30 बजे गोंदिया पहुंच जाएगी।

### रेलवे ट्रैक पार करना दंडनीय अपराध

**बिलासपुर।** रेलवे ने यात्रियों और आम जनता से अपील की है कि वे सुरक्षा को प्राथमिकता दें और रेलवे ट्रैक पार करने की खतरनाक प्रवृत्ति से बचें। रेलवे ट्रैक पार करना बहुत बड़ा जोखिम के साथ एक दंडनीय अपराध भी है, जिसमें 6 माह तक की जेल और 1000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। रेलवे स्टेशन पर एक प्लेटफार्म सें दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए फुट ओवरब्रिज तथा सड़क मार्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए रोड ओवरब्रिज, रोड अंडरब्रिज, सबवे एवं निर्धारित पैदल मार्ग बनाए गए हैं। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए आरपीएफ नियमित रूप से जागरूकता अभियान, लाउडस्पीकर घोषणाएं एवं चेकिंग अभियान चला रही है।

### चाकू रखकर अशांति फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू रखकर अशांति फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस को सूचना मिली पावर हाउस चौक में एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पुराना पावर हाउस निवासी तुषार उर्फ छोटू पड़वा पिता दिनेश पड़वा 26 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**अभिभावकों की मजबूरी** प्रदेश में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के 726 स्वामी आत्मानंद स्कूल चल रहे, स्कूल के चार लाख बच्चों को नहीं मिली राशि

# बाजार में कीमत 3 हजार, सरकार देती है यूनिफार्म के लिए सिर्फ 540 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के चार लाख से अधिक छात्रों को पिछले दो सालों से यूनिफार्म की राशि नहीं मिल सकी है। अधिकारी कह रहे हैं कि अभी शासन से फंड नहीं मिला है तो दूसरी ओर अभिभावकों को बाजार से खरीदने की मजबूरी रही है। यही नहीं सरकार की ओर से ड्रेस के लिए 540 रुपए दिए जाते हैं, जबकि बाजार में यूनिफार्म का एक सेट जिसमें शर्ट, फुलपैंट, जूता, मोजा और टाई है 1500 रुपए से अधिक में मिल रहा है।

हाल यह रहा कि सत्र भी गुजर गया है और स्टूडेंट बिना यूनिफॉर्म के पुराने ड्रेस पहनकर स्कूल जाते रहे। स्कूल वाले साल भर यूनिफार्म खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाते रहे और यह भी दावा किया जाता रहा कि पैसे आपके खातों में डाल दिए जाएंगे। बहुत से जरूरतमंद अभिभावकों ने इस आस में अपने बच्चों के लिए सिंगल यूनिफॉर्म खरीद भी लिया लेकिन परीक्षा शुरू होने वाली है ड्रेस की राशि नहीं मिल सकी है। गौरतलब है कि प्रदेश में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के 726 स्वामी आत्मानंद स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों में चार लाख 21 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई कर रहे हैं। इसमें प्रदेश में 377 स्कूल ऐसे हैं जहां पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों की पढ़ाई होती है। अंग्रेजी माध्यम में एक लाख 73 हजार और हिंदी माध्यम में एक लाख 27 हजार विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। वहीं 349 हिंदी माध्यम स्कूल है, जिनमें एक लाख 21 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इन छात्रों को अभी तक गणवेश की राशि नहीं मिली है। हालांकि इन छात्रों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली कापी-किताबें मिल चुकी हैं।

- शासन से नहीं मिला फंड, अभिभावकों को बाजार से खरीदने की मजबूरी



#### 540 रुपए में दो जोड़ी कैसे खरीदेंगे

योजना के तहत देखा जाए तो स्वामी आत्मानंद सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को प्रदेश सरकार मुफ्त यूनिफार्म की जगह नगद पैसे देती है। सरकार ने एक बच्चों के लिए 540 रुपए की राशि तय की है। इस राशि में दो जोड़ी ड्रेस सालभर के लिए खरीदा जाना है। हालांकि इतने पैसे में एक जोड़ी यूनिफार्म तक बाजार में नहीं मिलती। टाई, बेल्ट भी इस स्कूल के बच्चों को स्कूल प्रबंधकों ने अनिवार्य कर दिया है। इस स्थिति में सरकारी पैसे ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। बाजार में एक सेट ड्रेस 1500 रुपए से अधिक में मिल रहा है।

#### अभिभावक पूछ रहे, कब मिलेगा

दूसरी ओर स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र अपने क्लास टीचर, प्राचार्य से बार-बार गणवेश के बारे में पूछ रहे हैं कि कब तक यूनिफार्म मिलेगा। स्कूल प्रबंधन के पास लेकिन छात्रों के इस प्रश्न का कोई जवाब नहीं है। हाल तो यह है कि इस साल अभी तक शासन स्तर पर स्कूलों से छात्रों की संख्या तक भी नहीं पूछी गई है कि किस स्कूल में कितने छात्र पढ़ रहे हैं। छात्रों की संख्या जानने के बाद ही स्कूलों को ड्रेस की राशि दी जाएगी। इस लिहाज से हाल-फिलहाल अभी छात्रों को ड्रेस मिलना बहुत मुश्किल दिखाई दे रहा है।

#### शासन से मिलने के बाद देंगे

आत्मानंद स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों ने बताया कि उन्होंने स्कूल प्रबंधन से स्कूल ड्रेस की मांग की थी। जिस पर स्कूल प्रबंधन ने बताया है कि उनके पास ड्रेस और उसकी राशि नहीं आई है। जैसे ही यूनीफार्म के लिए बजट आएगा, वितरण किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन ने पालकों को एक जोड़ी ड्रेस खरीदने की सलाह दी है। ताकि बच्चे यूनीफार्म में स्कूल आ सकें। यह भी जानकारी मिली कि कुछ स्कूलों में तो पिछले साल से ड्रेस का वितरण नहीं हुआ है। स्कूल प्रबंधन द्वारा विभागीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया है।

**अधिकारियों को अवगत कराया गया है**

शासन से अभी तक गणवेश या इसके लिए पैसे नहीं आए हैं। वहां से आने के बाद छात्रों को वितरित किए जाएंगे। मंत्रालय स्तर पर इस बारे में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। - **अनिल तिवारी,** जिला शिक्षा अधिकारी

अशोक नगर, चांटीडीह, साइंस कालेज, बहतराई और बसंत विहार चौक में लगता है जाम

# 4 किमी की यात्रा तय करने में लोगों को लग रहा आधे घंटे से अधिक का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा पार सरकंडा का क्षेत्र अब नया जाम जोन बनता जा रहा है। एक समय ट्रैफिक के लिहाज से स्मूथ इस क्षेत्र में अब वाहनों की भीड़ हो गई है। जिला प्रशासन, नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से लोग परेशान हो रहे हैं। हाल यह है कि महामाया चौक से राजकिशोरनगर चौक तक 4 किमी की यात्रा तय करने में लोगों को आधे घंटे से अधिक का समय लग रहा है। किसी चौक पर जाम लग गया तो तब तो स्थिति और खराब हो जाती है। खास तौर पर शाम को महामाया चौक, अशोक नगर चौक, चांटीडीह चौक, साइंस कालेज चौक, बहतराई चौक और बसंत विहार चौक में तो जाम लगना तय है।

- सरकंडा अब नया जाम जोन, महामाया चौक से राजकिशोरनगर चौक तक

शहर में कई सड़कों पर जाम लगने लगा है। ऐसा सुबह या शाम के वक्त देखा जा रहा। कई मुख्य प्वाइंट से ट्रैफिक पुलिस नदारद होती है। इसका खामियाज आम लोगों को भुगतान पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी फिलहाल अरपा पार में है। हर चौक में गाड़ियां फंस रहीं हैं। कई चौकों में तो जगह ही नहीं है।



अशोकनगर चौक पर ट्रैफिक जाम फंसी गाड़ियां, परेशान होते रहे लोग।

**अशोक नगर चौक में फंस रहे एंबुलेंस:** अशोक नगर चौक में रोजाना जाम लग रहा है। बुधवार शाम को यही हुआ। वाहनों की लंबी कतारों के बीच कार सवार लोग दूसरी और तीसरी लाइन बनाकर जाम करते रहे। वहीं,ऑटो और बाइक सवार भी जाम में जल्दी निकलने के चक्कर में घुस गए। वाहनों की कतार में एंबुलेंस के साथ ही पुलिस की गाड़ी भी फंस गई। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह वापस दूसरे रास्ते में वाहन मोड़ लिया। लेकिन, जाम में एंबुलेंस फंसी रही। कड़ी मशक्कत के बीच करीब आधे घंटे बाद यातायात बहाल हुआ।

**बसंत विहार चौक नया जाम पाइंट:** शहर का यह नया जाम पाइंट है। चौक पर सरकंडा, मोपका और दयालबंद की तरफ से आने वाली गाड़ियों का दबाव रहता है। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, लोयला स्कूल के साथ दूसरे निजी और सरकारी स्कूल भी चौक के पास हैं। कई काम्पलेक्स और आवासीय कालोनियां भी हैं। हाल यह है कि इससे इस चौक पर दिन में करीब 10 से 15 बार जाम लगता है।

#### तीनों दिशाओं से आते हैं वाहन

सरकंडा महामाया चौक तिराहे पर तीनों दिशाओं से आने वाले वाहनों के 30-30 सेकेंड का पीक ऑवर यानि ड्यूरेशन टाइम सेट है। यातायात का दबाव मुख्य रूप से इंदिरा सेतु और सीपत चौक से आने वाले लोगों का अधिक रहता है। जबकि पुराना सरकंडा मार्ग से आने और सीपत चौक की ओर जाने वालों के लिए भी रेड सिग्नल बाध्यता है। यानि सीपत चौक की ओर जाने वालों को जब तक सिग्नल ग्रीन नही होता तक तक चौक पर खड़ा होना पड़ता है। यहां के लेफ्ट टर्न तो जैसे है ही नहीं। पिछले दिनों सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए जा रहे पैरेंट्स और स्टूडेंट जाम में फंस गए। परीक्षा छूटने तक की नौबत आ गई थी। कुछ लोगों ने दूसरे रास्तों को रोककर कोनी जाने वाले वाहनों को रवाना किया।

#### अधिक परेशान कर रहे सिग्नल

अरपा पार देखा जाए तो अशोक नगर चौक, चांटीडीह चौक और बसंत विहार चौक में सिग्नल लगाए गए हैं। सबसे अधिक परेशानी इन्हीं के कारण हो रही है। इन क्षेत्रों में देखा जाए तो कभी भी जाम नहीं लगा है। जबसे लेकिन सिग्नल लगे हैं वाहनों की कतार देखी जा सकती है। खास तौर पर शाम को तो निकलना मुश्किल हो जाता है। यह भी ध्यान दिया जाए कि अशोक नगर चौक से चांटीडीह चौक की दूरी मुश्किल से 200 मीटर की होगी। एक चौक के जाम से निकलकर राहत नहीं मिलती की दूसरे चौक में जूझना पड़ता है। लोगों के मुताबिक सिग्नल भी बेतरतीब है। कहीं टाइमिंग अधिक तो कहीं कम है।

#### सर्वे नहीं किया गया है

सही तरीके से यातायात बहाव का समयानुसार सर्वे और अध्ययन नहीं किया गया है। इसका कारण है कि एक ही दिशा के सभी सिग्नलों का आपस में सिंक्रोनाइजेशन नहीं होना। सिंक्रोनाइजेशन ऐसा होना चाहिए कि यदि वाहन महाराणा प्रताप चौक से ग्रीन सिग्नल के बाद आगे बढ़ते हैं तो उन्हें राजीव गांधी चौक पहुंच कर भी ग्रीन सिग्नल मिले फिर मंदिर चौक पर भी ग्रीन सिग्नल मिले फिर वेयर हाउस चौक, नेहरु चौक, मंदिर चौक, सीपत चौक, बहतराई चौक, अपोलो चौक और आगे जाने वाले वाहन सीधे बाहर निकल जाएं। इसी प्रकार से महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार तक और राजेन्द्र नगर चौक से तारबाहर चौक तक व्यवस्था बनाई जा सकती है। एक चौक से दूसरे चौक तक पहुंचने में वाहनों को लगने वाले औसत समय के अनुसार रेड और ग्रीन सिग्नल का समय निश्चित किया जा सकता है।

- **प्रथमेश मिश्रा**, समाजसेवी

#### सुधार का प्रयास हो रहा है

यह सही है कि अरपा पार के कुछ चौक चौराहों में जाम लग रहा है। इसे ठीक करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ही सिग्नलों की टाइमिंग भी ठीक की जाएगी। अपोलो वाले रास्ते में कब्जा हटाते हुए एक नई बाइपास सड़क जल्द बन जाएगी। इसके बाद स्थिति में कुछ सुधार होगा।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

बहन से की थी छेड़खानी

# शराब पिलाकर की थी युवक की हत्या और जला दी थी लाश



मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी। इनसेट में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर पुलिस को अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता मिल गई है। बहन से छेड़खानी करने से भाई ने शराब पिलाकर युवक की हत्या कर दी थी और साक्ष्य मिटाने के लिए लाश जला दी थी। पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 28 फरवरी 2025 में सांधीपारा पहाड़ी के नीचे एक युवक की जली हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई। जांच के दौरान उसकी पहचान सांधीपारा निवासी सूरज खैरवार के रूप में हुई। धारदार हथियार से सिर में प्राणघातक हमला कर हत्या की गई थी और साड़ी ढककर लाश जला दी गई थी। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने रतनपुर टीआई नरेश चौहान के नेतृत्व में अलग अलग टीम बनाई गई थी। पतासाजी में मृतक को अंतिम बार गांव के कोंदा उर्फ ओमप्रकाश के साथ देखना बताया गया। पुलिस ने उसके घर में दबिश दी तो वह फरार मिला। 4 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कोंदा उर्फ ओमप्रकाश खैरवार पिता कोमल खैरवार 19 साल घर में आया हुआ है। पुलिस ने दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया।

- रतनपुर पुलिस ने अंधे कत्ल की सुलझाई गुत्थी

कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पहाड़ी के नीचे झाड़ियों से हत्या में प्रयुक्त टंगली बरामद की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

#### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

टीआई श्री चौहान ने बताया, मृतक सूरज खैरवार आरोपी कोंदा उर्फ ओमप्रकाश खैरवार की छोटी बहन के साथ छेड़खानी करता था। उसकी हरकतों से त्रस्त होकर बहन ने अपने भाई कोंदा उर्फ ओमप्रकाश को जानकारी दी। उसने सूरज को कई बार छेड़खानी करने से मना किया, किन्तु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। योजना बनाकर 27 फरवरी को कोंदा उर्फ ओमप्रकाश उसे छककर शराब पिलाई और घर के पीछे पहाड़ी के नीचे ले जाकर टंगली से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। तबली झाड़ियो में छिपाकर घर गया और साड़ी ले जाकर लाश जला दी थी।

### फुटपाथ पर दुकानः अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद



**बिलासपुर।** निगम के अतिक्रमण शाखा ने ट्रैफिक पुलिस के साथ अभियान चलाकर मंगला चौक से उसलापुर तक सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान पार्किंग की जगह को खाली कराया गया। वहीं, फुटपाथ से दुकानों को खाली कर हटाया गया। मिनोचा कालोनी के सामने लगे ठेलों को हटाने के दौरान विवाद और हंगामा हुआ। बाद में इसे शांत करा लिया गया। इसके साथ ही दुकान संचालकों को सड़क और पार्किंग की जगह पर सामान नहीं रखने को कहा गया।

# कमीशन में सट्टापट्टी लिखने वाला सटोरिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने कमीशन में सट्टापट्टी लिखने वाले सटोरिए को पकड़ लिया है। उसके पास से नकद रकम व सट्टापट्टी जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं मुख्य खाईवाल पुलिस फरार है।




कोतवाली पुलिस को सूचना मिली शनिचरी बाजार शिव मंदिर केपास एक युवक सट्टापट्टी लिखकर सट्टा खिला रहा है। उसके पास सट्टा खेलने वालों की भीड़ लगी है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सट्टापट्टी लिखते जूना बिलासपुर निवासी राजेश कहार पिता स्व. शिव प्रसाद कहार 48 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 3 हजार 100 रुपए व सट्टापट्टी, पेन मिला। पूछताछ करने पर उसने खाईवाल दयालबंद निवासी सन्नी सोनकरपिता प्रदीप सोनकर के लिए कमिशन में सट्टापट्टी लिखना बताया। पुलिस ने धारा 6 क, छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 और 112 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं खाईवाल सन्नी सोनकर पुलिस नहीं पकड़ पाई है। वह पुलिस पकड़ से बाहर है।

#### नया खाईवाल पैदा हुआ

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पूर्व में कोतवाली क्षेत्र में सट्टा खिलाने वाले खाईवाल किशन सिंधी के बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उसके बाद नया खाईवाल सन्नी सोनकर क्षेत्र में सक्रिय होकर कमीशन में लोगों को रखकर सट्टा खिला रहा है। बताया जाता है पूर्व में सन्नी किशन सिंधी के लिए कमिशन में क्षेत्र में सट्टापट्टी लिखता था। इसी तरह सिरगिट्टी क्षेत्र में जेल से छुटने के बाद तिफरा में पेंटर साहू, गणेशनगर क्षेत्र में देवेन्द्र कौशिक के द्वारा फिर से जोरो से सट्टा खिलाया जा रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### राशि डबल करने का झांसा देकर महिला से 1 लाख 85 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** राशि डबल करने का झांसा देकर एक महिला से 1 लाख 85 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रिंग रोड 2 महाराणा प्रताप चौकि निवासी लीशा उरांव पति राजकुमार नाग ने रिपोर्ट लिखाई। 27 फरवरी को उनके मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति ने संपर्क कर उन्हें वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। इसमें पार्ट टाइम काम के नाम पर अलग अलग ब्रांड्स को लाइक व सब्सक्राइम करने पर भुगतान देने का दावा किया गया। पहले उन्हें पार्ट टाइम वर्क में रोज पेमेंट दिया जा रहा था। उसके बाद उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जहां पांच हजार रुपए भेजने पर 6 हजार 500 रुपए मिलने का प्रलोभन दिया गया। महिला के बताए यूपीआई आईडी पर भुगतान किया, लेकिन फिर और अधिक पैसे भेजने को कहा गया। इस पर विभिन्न बैंक खातों और यूपीआई आईडी के माध्मय से उनसे 1 लाख 85 हजार की आनलाइन ठगी कर ली गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

# नपा अध्यक्ष हुलसी सहित 15 पार्षदों को दिलाई गई शपथ



**पथरिया।** बुधवार को नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव सहित 15 पार्षदों को रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम भरोषा राम ठाकुर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अनिला देवेंद्र राजपूत, अम्बालिका साहू, देवेंद्र कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। शपथ के बाद हुलसी ने जय श्रीराम का नारा लगाकर नागरिकों का अभिवादन किया। हुलसी ने कहा कि धरमलाल कौशिक के आशीर्वाद से नागरिकों को अधिकतम नगरीय सुविधाएं दिलाएंगे, वहीं नागरिकों के सुझाव और शिकायतों के लिए त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था नगर पंचायत कार्यालय में करेंगे। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों का आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर कराकर सीएमओ अनुराधा राजमणि ने विधिवत नवीन परिषद की घोषणा की।

## नपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार



**तखतपुर।** जनपद पंचायत तखतपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बुधवार को कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। जनपद पंचायत चुनाव में भाजपा के समर्थित प्रत्याशियों की जीत के बाद भाजपा के ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। अध्यक्ष के लिए माधवी संतोष वस्त्रकार तथा उपाध्यक्ष के लिए राकेश तिवारी के नाम का सर्वसम्मति से चयन हुआ। बुधवार को अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार एवं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने जनपद पंचायत तखतपुर पहुंचकर विधि-विधान पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद माधवी वस्त्रकार ने कहा कि पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र में व्यवस्थित ढंग से विकास कार्य कराए जाएंगे, पंचायतों की जो भी समस्या होगी उसका निराकरण सरपंचों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर किया जाएगा। पंचायत क्षेत्र के लोगों के लिए वे सदैव उपलब्ध रहेंगे। विकास कार्यो में पूरी पाद्धर्शिता रखी जाएगी।

## नपा अध्यक्ष लवकुश ने पूजा-पाठ कर ग्रहण किया कार्यभार



**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने 15 पार्षदों के साथ बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में पूजा-पाठ कर अपने कार्य की शुरुआत की। हालांकि, अब तक विधिवत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन नहीं हो सका है। इधर गुरुवार से होलाष्टक लग रहा है, जिसमें शुभ कार्य वर्जित हैं। इसको ध्यान में रखते हुए बुधवार को ही विधिवत पूजा-अर्चना कर भाजपा अध्यक्ष और सभी पार्षदों ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। लवकुश ने कहा कि शुभ मुहूर्त में विधिवत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष और पार्षदों का कहना था कि वे नगर पालिका परिषद के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए तत्पर हैं।

## जेवरा में शपथ ग्रहण के बाद प्रथम सम्मेलन का आयोजन



**मस्तूरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलाने सोमवार को पंचायतों में प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया था। में विकासखंड के ग्राम पंचायत जेवरा में सचिव राजकुमार पटेल ने नवनिर्वाचित सरपंच मूलचंद पटेल एवं पंच ओजस्वी जायसवाल, शिवकुमारी नेताम,अशोक कुमार नेताम ,शिवकुमारी नेताम ,संगीता खांडे, कलेश्वरी बाई आर्मो, मनुकिया बाई, सनोहर सिंह मरावी, संतोष कुमार पटेल, किशुन कुमार पटेल, सखाराम पटेल, फुलबाई पटेल, हेमपुष्पा पटेल, लक्ष्मीबाई राज, अहिल्या खुसरो, मनोज कुमार टेकाम, पूर्णिमा सिन्दाम, नीराबाई, शांति विश्वकर्मा एवं राजकुमारी को शपथ दिलाई गई।

## ग्राम पंचायत हरनचाका में निकाली गई आभार रैली



**लालपुर।** ग्राम पंचायत हरनचाका में नवनिर्वाचित सरपंच नारायण सिंह राजपूत की अगुआई में आभार रैली निकाली गई। इस दौरान गांव के लोगों ने रैली का स्वागत किया। आभार रैली में लखन सिंह, ज्ञान सिंह, मनी सिंह, डॉ संतोष सिंह, दिनेश यादव, परसराम यादव, खेम सिंह, अजय बघेल, शिवकुमार जांगड़े, हीरादास, जगदीश जांगड़े, रामेश्वर वैष्णव, वेदप्रकाश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, विमल सिंह, चोलाराम, बालाराम, धन सिंह, उमाशंकर, तोक सिंह, कपीश निर्मलकर, मनोहर सिंह, दिलीप सिंह, नारायण दास वैष्णव, बल्ला सिंह, नरोत्तम कश्यप, संजय कश्यप, ललित सिंह, भुनेश्वर सिंह, भक्ति सिंह, जीवन सिंह मौजूद थे।

## शपथ के साथ ही नवनिर्वाचित सरपंचों ने ग्रहण किया प्रभार



**बिल्हा।** बिल्हा ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही सरपंचों ने अपना-अपना प्रभार संभाल लिया। ग्राम पंचायत पेंड्रीडीह के पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच दाऊराम निषाद को सचिव रोशनी उपाध्याय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने पौधा लगाने व उसे सुरक्षित रखने के साथ अपने क्षेत्र को हरा-भरा रखने का संकल्प दिलाया। समारोह के बाद सरपंच दाऊराम निषाद ने कहा कि मेरी सबसे पहली प्राथमिकता गांव की मूलभूत सुविधा जैसे नाली, सडक़, पानी, बिजली की व्यवस्था करना तथा ग्राम पंचायत पेंड्रीडीह को स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलशी बघेल, पूर्व सरपंच शिवकुमार घिरोरे, नीता ध्रव, इजहार अली, अन्नपूर्णा नेताम, सुषमा, शिवकुमारी, अमृत लाल ध्रुव, देव प्रसाद, तरुना, राकेश ध्रव, भागीरथी ध्रुव, मंजूषा गढ़ेवाल, अर्चना निषाद, सतीबाई बाई कोसले, अलका गढ़ेवाल, अनुसुइया मरावी, मोहन नाग, रमेश गढ़ेवाल, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## धनगांव गोसाई में नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों का सम्मान



**जरहागांव।** पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह डॉ रामकुमार साहु, कुलेश्वर साहू, महेंद्र साहू, बबलू साहू के मार्गदर्शन एवं ग्राम पंचायत के तत्वाधान में आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच खेलावन नेताम एवं सभी पंचों को श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव झूलाराम धृतलहरे ने किया।सरपंच खेलावन नेताम ने कहा कि आज का यह पल मुझे जीवन भर याद रहेगा। लंबे अरसे तक एएसआई के पद पर रह कर मैंने देश की सेवा की है। गांव से दूर रहने पर भी गांव के लोगों ने जो प्यार और विश्वास मेरे प्रति दिखाया है मैं निश्चित ही उस पर खरा उतरूंगा। कार्यक्रम में शिव कुमार साहू, रमेश साहू, रेखू लाल साहू, रामदास, सोहन साहू, शत्रुघ्न यादव, प्रताप राम साहू, बबलू साहू, प्रताप राम साहू, धनपाल साहू, संतोष ध्रुव, सावित्री बंजारा हेमलता डाहीरे, नीता साहू, जया साहू, कीर्तन बेरवांश, कलम बघेल, श्रवण अनंत, लक्षण दिवाकर, नाथूराम साहू, आशीष लहरे, दीपेश गेंदाले, किरण आदि मौजूद रहे।

## कुकदा के सरपंच व पंचों ने ली ग्राम के विकास की शपथ



**खम्हरिया।** मस्तूरी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकदा में सोमवार 3 मार्च को नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में क्षेत्र क्रमांक 2 के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य प्रतिनिधि अजय पांडेय उपस्थित रहे। गांव के सचिव ललित पटेल ने नवनिर्वाचित सरपंच जितेंद्र कुमार नेताम को एवं साथ समस्त पंचों को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर पंच रितु कुमारी साहू, सावित्री साहू, विनोद कुमार यादव, रुपेश कुमार पाटनवार, चमेली सूर्यवंशी, नेहा केशरवानी, पूजा सूर्यवंशी, शत्रुहन लाल सूर्यवंशी, राकेश कुमार पत्रवानी, संतोष कुमार लैहर्षण, कृष्णा बाई सूर्यवंशी, साधिन बाई सूर्यवंशी, सूरज कुमार साहू, यार मोहम्मद, फिरोज बेगम खान , सबिना बेगम, सती बाई धनुहार, शशिकला गोड, गंगोत्री बाई केवट, व्यास सूर्यवंशी, नरेन्द्र सिंह मरकाम सहित रोजगार सहायक, शिक्षक सत्यनारायणा राठौर, परमेश्वर मरकाम प्रधान पाठक, श्रवण देवागन, लक्ष्मीशंकर यादव एवं संकुल समन्वयक बसंत जयसवाल उपस्थित रहे।

## सामंजस्य बनाकर ग्राम विकास पर ध्यान केंद्रित करें: बांधी



**मस्तूरी।** नव निर्वाचित पंच- परमेश्वर गांव में आपसी सामंजस्य बनाकर ग्राम विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करें। उक्त बातें सोमवार को पुराना बाजार चौक पर स्थित पंचायत भवन में आयोजित नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेलन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ कृष्ण मूर्ति बांधी ने कही। पंचायत भवन में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को डॉक्टर बांधी ने कर्तव्य व निष्ठा की शपथ दिलाई। जिसमें पूर्व सरपंच रह चुकी एवं नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता विनोद सारथी एवं पंच अभिषेक कुमार मौर्य, रुक्मिणी देवी, संजय कुमार तिवारी, अंकित तनु मिश्रा, परदेसी प्रजापति, कमलेश अवस्थी, महेंद्र कुमार रात्रे, चित्ररेखा धीरज, नोहर लाल, ज्योति कुर्रे, मीना देवी कुर्रे, राजेश्वरी यादव, पिंकी करियारे, कुलदीप कुर्रे, गजेंद्र सिंह राठौर ,रेखा मानिकपुरी, पंकज निर्मलकर, रामेश्वरी यादव, शोभा रानी सोनी परमेश्वर गुप्ता शपथ ली। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष शंकर यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामानूज श्रीवास आदि मौजूद थे।

## ठकुरीकापा के विकास की जिम्मेदारी एक की नहीं, बहेगी विकास की गंगा



**जरहागांव।** ग्राम पंचायत ठकुरीकापा में नवनिर्वाचित सरपंच रानी बंटी जायसवाल एवं समस्त पंचों को सचिव भरत गोस्वामी ने शपथ ग्रहण कराई। वहीं रोजगार सहायक श्याम दास कोसले ने सरपंच को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान रानी बंटी जायसवाल सरपंच, नागेश्वर जायसवाल भरत गिरी गोस्वामी पंचायत सचिव, श्याम दास कोशले ग्राम रोजगार सहायक, नकुल डिंडोले तकनीकी सहायक सहित पंच इंकु जायसवाल, रिंकी पटेल, सविता निषाद, अमरीका सोनकर, सुवासीन सोनकर,चन्द्रिका सोनकर, सुखिन बाई खांडे, स्नेहा पाली, ईश्वरी साहू, प्रेमी साहू, रत्ना ध्रुव, कामनी सोनकर, ईश्वरी लहरे,सैन दास कोशले, ठाकुर राम सोनकर, दिलीप जायसवाल लखन साहू, दिनेश सोनकर, जीतेन्द्र नट एवं नागरिक उपस्थित रहे। शपथ के बाद सरपंच प्रतिनिधि टेकलाल पटेल ने कहा कि हमारे गांव में विकास की गंगा बहेगी। सरपंच हम नहीं अपितु पूरा गांव है। हर किसी की जिम्मेदारी है कि गांव में विकास करें, इसके लिए एक मत होकर चलना होगा।

## पूर्व एएसआई बने सरपंच, बोले- नहीं होगी अनुशासनहीनता



**लालपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों ने गांव के विकास के लिए अपनी पसंद के जनप्रतिनिधियों का चुनाव कर लिया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत धनगांव गोसाई में सेवानिवृत्त एएसआई रामखेलावन नेताम सरपंच निर्वाचित हुए हैं। शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भवन में सरपंच एवं समस्त पंचों ने नियमानुसार शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ रामकुमार साहू, महेंद्र साहू, शिव कुमार साहू, रमेश साहू, रेखू लाल साहू, रामदास, सोहन साहू, शत्रुघ्न यादव, प्रताप राम साहू, बबलू साहू, प्रताप राम साहू, धनपाल साहू, संतोष ध्रुव, सावित्री बंजारा हेमलता डाहीरे, नीता साहू, जया साहू, कीर्तन बेरवांश, कलम बघेल, श्रवण अनंत, लक्षण दिवाकर, नाथूराम साहू, आशीष लहरे, दीपेश गेंदाले, किरण, अशिक्षा पत्ते, नेवारिया साहू, सीताराम साहू, चंदडू, पकलू ध्रुव, तोरण नवरंग, देवली, पंच बाई साहू,सतीश साहू, लेखन सेठ, सुरेश ध्रुव, परदेश लहरे, फागू राम, श्याम नवरंग, बल्दू बंजारा एवं विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित जनपद सदस्य का नेवसा में स्वागत



**बेलतरा।** जनपद पंचायत बिल्हा के क्षेत्र क्रमांक 2 से भाजपा की कमला विजय साहू के जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर ग्राम नेवसा में उनका भव्य स्वागत हुआ। ग्रामीणों ने गुलाल लगाकर और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर किशोर साहू, केशव कोरी, प्रमोद वैष्णव, मेलाराम साहू , विकास धीवर, बलराम कश्यप, अनिरुद्ध साहू, जगत राम साहू, सुरेश कश्यप, पारस बैशवाड़े, पुक्रांता कश्यप, शेखर बैशवाडे, अरविंद कश्यप, लेखराम सहित गांव के गणमान्य स्वागत में मौजूद रहे।


### बरेला के पार्षदों ने की केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के नगर अध्यक्ष नरेश पटेल के मार्गदर्शन में नव निर्वाचित पार्षदों ने बरेला के वार्ड क्रमांक 13 के युवा पार्षद राजकुमार साहू के नेतृत्व में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से बिलासपुर में मुलाकात की। इस दौरान नगर के विकास एवं सरकार की योजनाओं को सभी लोगों तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। इस पर तोखन साहू ने पार्षद राजकुमार साहू को आने वाले समय में बरेला के विकास में भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ऋषभ साहू, प्रकाश गुप्ता, सूरज साहू, अरुण धुरी, शुभम साहू उपस्थित रहे।

### ग्राम ऊनी नमें शिव पुराण कथा का आयोजन

**खमरिया।** ग्राम ऊनी में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन आचार्य भागवत अश्वनी शुक्ल ने भगवान महादेव की दयालुता एवं करूणा का वर्णन करते हुए कहा कि चाहे कोई कोई महाराजा हो या फिर रंक या फिर पशु-पक्षी ही न क्यों हो। जो शंकर जी की शरण में जाते हैं सभी प्रकार के पापों से मुक्त हो जाते हैं। कथा में लक्षेश्वर धाम सलधा से पहुंचे दंडी स्वामी मज्जज्योतिरमयानंद के मुख से भी भक्तों को आशीर्वचन प्राप्त हुआ। शिव महापुराण कथा को सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा का आयोजन स्व केशव सिंह मौवार की स्मृति में हरकुमार ठाकुर एवं पूरे ग्रामवासियों भक्तों के द्वारा किया जा रहा है।



# नो एंट्री जोन के समय में परिवर्तन एसपी ने जारी किया निर्देश



वाहनों की जांच करते पुलिसकर्मी।

**पेंड्रा।** जिले की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नो एंट्री जोन के समय में परिवर्तन किया गया है। अब यह समय सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। इस नए नियम के तहत यातायात पुलिस की ओर से एंट्री जोन में प्रवेश करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

- यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल की उपस्थिति में बुधवार को यातायात पुलिस ने 28 वाहनों पर कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। इसके साथ ही 43 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत जुर्माना लगाया गया। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने यातायात प्रभारी एवं थाना प्रभारी पेंड्रा को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि रात्रि 10 बजे से पहले भारी वाहन शहर में प्रवेश न करें। इसके साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, शराब पीकर वाहन न चलाने और तीन सवारी न बैठाने के निर्देश दिए।

पुलिस प्रशासन का मानना है कि नियमों के सख्त पालन से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी। जिला पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके।

# 10 हजार से अधिक बच्चों ने दी 10वीं की परीक्षा

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले में 340 छात्र अनुपस्थित रहे। 10 हजार 509 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। नकल प्रकरण निरंक रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने बताया कि 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 10 हजार 849 परीक्षार्थी दर्ज है जिसमें अंग्रेजी की परीक्षा में 10 हजार 509 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 340 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मुंगेली विकासखंड में 4 हजार 298 दर्ज विद्यार्थियों में से 4 हजार 192 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसी तरह लोरमी विकासखंड के 4 हजार 189 दर्ज विद्यार्थियों में से 4 हजार 33 विद्यार्थी और पथरिया विकासखंड में 2 हजार 362 दर्ज विद्यार्थियों में से 2 हजार 284 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।



# लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत बहुत जरूरी

**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित जेपी मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में 4 मार्च को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

- जेपी मिश्र कॉलेज में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत बहुत जरूरी है। सफलता प्राप्त करने समर्पण भाव से सतत प्रयत्नशील रहें। एसपी ने छात्रों को निष्काम भाव से सतत क्रियाशील रहने और कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न तिवारी ने महाविद्यालयीन विकास के लिए जिला प्रशासन के साथ समन्वय और सहयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. शोभित बाजपेयी प्राचार्य ने स्वागत भाषण और महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्रसंघ प्रभारी के. अहमद, एस. के. तिवारी सहित सभी शिक्षक, कार्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



दीप प्रज्वलित करते कलेक्टर, एसपी।

## चारभाठा स्कूल में लगा मेला व प्रदर्शनी



**मुंगेली।** संकुल नवागांव घु अंतर्गत संकुल केंद्र प्रतापपुर नवागांव घुठेरा और कोदवा बानी के सम्मिलित प्रयास से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चारभाठा स्कूल भवन में निपुण भारत के तहत, मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों संकुलो से 15 स्कूल के विद्यार्थी टीएलएम के साथ उपस्थित हुए। उसकी उपयोगिता पर बहुत अच्छे ढंग से बच्चों द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रदर्शनी में सूर्यकांत उपाध्याय उपस्थित रहे पूर्व माध्यमिक शाला चारभाठा के शिक्षक प्रशांत उपाध्याय एवं मोहन साहू निर्णायक की भूमिका निभाई। शैक्षिक समन्वक उमेश साहू जिला राम यादव एवं पवन कश्यप सहित क्लब संकुल से दीपक वेंताल, लखन कुर्रे, हीराप्रसाद चतुरगोष्ठी, रुपनारायण बंजारा, सावित्री राजपूत, निहारिका चंद्राकर, नैनसी मसीह, सदाब सैयद, कुलेश्वरी ध्रुरव, सौरभ जैकब, संतोष अजय जायसवाल, भागबली ध्रुरव, केशव यादव, नारायण साहू, संतोष कुमार, नारायण साहू, चन्द्रकुमार जांगड़े, लखन साहू, झाडू यादव, लखन कँवर शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जालान ने किया सड़क जीर्णोद्धार का भूमिपूजन



**पेंड्रा।** पेंड्रा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राकेश जालान ने 20 लाख की लागत से नया बस स्टैंड से हाउसिंग बोर्ड कालोनी पहुंच मार्ग तक सड़क जीर्णोद्धार का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राकेश जालान ने कहा कि जर्जर हो चुकी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने से हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों को राहत मिलेगी। वहीं इससे सभी को आने-जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमलदीप मिंज, सब इंजीनियर स्वप्निल मिश्रा,अनवर सिद्दिकी, आकाश केसरी आदि मौजूद थे।

## मशरूम उत्पादन एवं हर्बल गुलाल प्रशिक्षण का समापन

# आत्मविश्वास है तो आसमान की ऊंचाई भी कम है: द्वारिकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में वैदिक महाविद्यालय सीपत में 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन एवं हर्बल गुलाल, सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण, ट्रेक्टर ड्राइविंग प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ।

- आत्म विश्वास से दुनिया को जीत सकते हैं: अखिलेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण रंजन भारती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था के इन प्रयासों को शब्दों में बयां नहीं कर सकते। प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनना बहुत ही बड़ी बात होती है। उन्होंने कहा कि आप यही न रुकिए, ये आपका अंतिम पड़ाव नहीं बल्कि आप लगातार आगे बढ़िए। विशिष्ट अतिथि छग फिल्म के निर्माता अभिनेता अखिलेश पांडेय ने छत्तीसगढ़ी अंदाज में कहा कि आत्मविश्वास से आप दुनिया को जीत सकते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि सभी चीजों का सार आत्मविश्वास है। आप में यदि आत्मविश्वास है तो आपके लिए आसमान की ऊंचाई भी कम है। प्रशिक्षित बच्चे ईमानदारी के साथ घर के आर्थिक जिम्मेदारियों को कम करके घर को सशक्त व मजबूत बनाएं। इस दौरान एक छग फिल्म के पोस्टर का भी मंच से विमोचन किया गया। प्रशिक्षण लिए सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच पर उपसंचालिका मीना पांडेय, आनंद साहू, मनीष तिवारी, वैज्ञानिक डॉ शिल्पा कौशिक, डॉ निवेदिता पाठक, डॉ स्वाति शर्मा, डॉ जयंत साहू, डॉ पंकज उपस्थित रहे। प्रशिक्षण को सफल बनाने मे राजू साहू, इमरान अली, संत रात्रे, रामेश्वर साहू, रूखमणी चौधरी, ज्योति सूर्यवंशी, आकांक्षा भारती, रविशंकर यादव, सुरेश बिंझवार सहित सभी प्रध्यापकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने किया।



समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंचासीन अतिथि।

## भक्तों ने भगवान शंकर-पार्वती की चैतन्य झांकी का किया दर्शन



**मल्हार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि के मल्हार सेवा केंद्र में महाशिवरात्रि पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना मेला परिसर में की गई। भक्तों ने भगवान शंकर व माता पार्वती की चैतन्य झांकी का दर्शन कर पुण्य प्राप्त किया।

मंगलवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त व पार्षद कमलेश ठाकुर ने शिरकत की। सेवा केंद्र की प्रमुख निशा दीदी ने सभी को शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए बताया कि शिवरात्रि इस कलयुग रूपी रात में परमात्मा शिव के अवतरण की याद है। उन्होंने बताया कि भगवान एक है, निराकार है, सर्वोच्च सत्ता है, सर्वोपरि है, सर्वशक्तिमान है। उन्होंने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि पिछले 89 वर्षो से यह संस्था विश्व कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था बहुत श्रेष्ठ कार्य कर रही है। यह लोगों को आध्यात्म से जोड़ रही है, जो मनुष्यों के कल्याण के लिए सहायक होगा।